केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब www.bhartiyabasti.com और उसका छपा संस्करण सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com के लिये विज्ञापन बुक कराये। विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :45 अंक 168 सोमवार 8 जनवरी 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### जयन्ती पर याद किये गये बाबा योगेन्द्र



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । कलाऋषि पद्मश्री बाबा योगेन्द्र जी का जयंती रविवार को उनके आवास पर मनाया गया। जयंती पर लोगों ने बाबाजी को याद कर उन्हें नमन किया।

राज्य ललित कला अकादमी के निवर्तमान सदस्य डॉ नवीन श्रीवास्तव ने कहा कि बाबा योगेन्द्र जी को पढ़ाई के दौरान से ही सबसे ज्यादा चित्रकला से लगाव था, वह अपने कमरे में कागज के खिलौने व चित्र बनाकर खूब सजाते थे। कंधे पर झोला, झोले में सहस्रों कला साधकों, कार्यकर्ताओं के नाम, पतों वाली डायरी एक धोती कुर्ता यही बाबा जी की पूँजी थी।

बस्ती विकास समिति के संरक्षक संतोष सिंह ने कहा कि बाबा योगेंद्र जी अपने नाम के अनुरूप, कर्मयोगी और धैर्ययोगी थे और बाबा का राष्ट्र समर्पित जीवन हम सबके लिए एक आदर्श है। डा वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि बाबाजी मत नाम ले विश्राम का गुनगुनाते हुए अपनी राह बनाते हुए हमेशा बढ़ते रहे।

बस्ती विकास समिति महिला प्रकोष्ठ कोषाध्यक्ष सरिता शुक्ला ने कहा कि बाबा जी अपने लिए अत्यंत कठोर लेकिन दूसरों के लिए उतने ही उदार थे।

बस्ती विकास समिति के संस्थापक अध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव ने कहा कि बाबा जी का हृदय निश्छल बालक के तरह पवित्र और स्वभाव पानी जैसा था।

इस दौरान ज्ञानप्रकाश श्रीवास्तव, मृदुला श्रीवास्तव, भक्तिनारायन श्रीवास्तव, बालमुकुंद आकाश, सौरभ श्रीवास्तव, सत्यम सिंह, विनय मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### जन चौपाल का आयोजन



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

नगर बाजार(बस्ती) । विकास खण्ड बहादुरपुर के ग्राम पंचायत मटेरा व कचूरे में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत एक दिवसीय जन चौपाल आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के परमानन्द सिंह ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। पात्रों को चिन्हित करके इसका लाभ भी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश व प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। सरकार की पहल पर आज शोषित, वंचित और गरीबों को विभिन्न योजनाओं के जरिये लाभ पहुँचाया जा रहा है।

वहीं ग्राम पंचायत कचूरे में आयोजित चौपाल में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि धुवराज चौधरी ने कहा कि सरकार सबका साथ सबका विकास के तहत सरकार बिना भेदभाव के सबको सरकारी योजनाओं का लाभ दे रही है। इसके बाद सभी ने 2047तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ ली।

इस अवसर पर परमानंद सिंह प्रेमप्रकाश चौधरी दिलीप शर्मा श्रुति अग्रहरि ,रामचन्द्र चौधरी राकेश पाण्डेय, नगेन्द्र बहादुर सिंह प्रदीप सिंह ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ध्रुव राज चौधरी, आंधी मिश्रा, रवि उपाध्याय, इंद्रजीत चौरसिया, सन्तोष सिंह आदि मौजूद रहे।

# पीएम मोदी के खिलाफ टिप्पणी करने वाले मालदीव के तीन मंत्री निलम्बित

नई दिल्ली (आभा)। मालदीव सरकार ने भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ टिप्पणी करने वाले मंत्रियों के खिलाफ कड़ा ऐक्शन लिया है। सोशल मीडिया पर इनकी पोस्ट के लिए इन्हें सस्पेंड कर दिया गया है। मालदीव सरकार ने बयान जारी कर इस बात की जानकारी दी गई है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, मंत्री मरियम शिउना, मालशा और हसन जिहान को निलंबित कर दिया गया है। इससे पहले दिन में मालदीव सरकार की तरफ से बयान जारी किया गया था, जिसमें मंत्रियों के बयान से दूरी बनाई गई थी। इसमें कहा गया था कि यह इन लोगों के निजी बयान हैं, जिसका सरकार से कुछ लेना–देना नहीं है।



बता दें कि अपनी भारत विरोधी टिप्पणियों के लिए यह मंत्री अपने ही देश में घिर गए थे। मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति नशीद और इब्राहिम मोहम्मद सोलिह ने इन बयानों की आलोचना की थी। इब्राहिम मोहम्मद सोलिह ने ट्वीट किया कि मैं सोशल मीडिया पर मालदीव सरकार के अधिकारियों द्वारा भारत के खिलाफ घृणास्पद भाषा के इस्तेमाल की निंदा करता हूं। भारत हमेशा मालदीव का एक अच्छा दोस्त रहा है और हमें इस तरह की कठोर टिप्पणियों को हमारे दोनों देशों के बीच सदियों पुरानी दोस्ती पर नकारात्मक प्रभाव डालने की अनुमति नहीं देनी चाहिए।

इन मंत्रियों की इस टिप्पणी के चलते भारत में बड़े पैमाने पर लोग नाराज हो गए थे। इसके बाद लोगों ने मालदीव की अपनी ट्रिप्स कैंसिल करनी शुरू कर दी थीं। लोग इसका स्क्रीनशॉट भी सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे थे। सोशल मीडिया पर बायकॉट मालदीव भी ट्रेंड करने लगा था। इसके अलावा भारत में तमाम सेलेब्रिटीज ने भी मालदीव द्वारा की गई टिप्पणियों पर ट्वीट करना शुरू कर दिया। मामला बढ़ता देख मालदीव की तरफ से डैमेज कंट्रोल की कोशिश भी हुई। लेकिन चीजें हाथ से निकलती चली गईं और आखिर मालदीव सरकार को अपने मंत्रियों पर ऐक्शन लेना ही पड़ा।

गौरतलब है कि पीएम मोदी ने इस हफ्ते की शुरुआत में लक्षद्वीप का दौरा किया था। इसके बाद उन्होंने इस दौरे की तस्वीरें ट्वीट की थीं। साथ ही प्रधानमंत्री ने लोगों को लक्षद्वीप टूर के लिए प्रोत्साहित करते हुए लिखा था कि जो लोग रोमांच पसंद करते हैं उन्हें लक्षद्वीप जरूर आना चाहिए। पीएम मोदी ने लक्षद्वीप में समुद्र में भी गोता लगाया था। उन्होंने लिखा था कि मैंने यहां पर स्नॉर्कलिंग भी की थी। इसके बाद मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू की पार्टी के एक नेता ने ट्वीट किया था कि हमारे जैसी सुविधाएं कैसे दे पाओगे। उसने यह भी लिखा था कि भारत में तो होटल्स के कमरों से बदबू आती रहती है।

## बस्ती उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के मण्डल उपाध्यक्ष बने नोमान




–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । बस्ती उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल अध्यक्ष आनन्द राजपाल ने नोमान अहमद को मण्डल उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा है। नोमान अहमद को मण्डल उपाध्यक्ष बनाये जाने पर जिला महामंत्री सूर्य कुमार शुक्ल, हाजी मोहम्मद आलम, लालजी सिंह, प्रभुप्रीत सिंह, मनोज जायसवाल, मनोज कुमार गुप्ता, धर्मेन्द्र चौरसिया, सुनील कुमार गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, डब्बू श्रीवास्तव, नीरज गुप्ता, एस.एन. गुप्ता के साथ ही अनेक पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

नोमान अहमद ने कहा कि जो दायित्व उन्हें सौंपा गया है, पूरा प्रयास होगा कि व्यापारियों की समस्याओं के समाधान हेतु हर स्तर पर संघर्ष कर न्याय दिलाया जाय। बस्ती मण्डल के सिद्धार्थनगर, संतकबीर नगर जनपदों में भी व्यापारियों को किसी भी संकट की स्थिति में न्याय दिलाने में बस्ती उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल पीछे नहीं हटेगा।

## डा. वी.के. वर्मा ने किया जरूरतमंदों में कम्बल का वितरण



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। वरिष्ठ होम्योचिकित्सक एवं समाजसेवी डा. वी.के. द्वारा पटेल एस.एम.एच. हास्पिटल गोटवा के सहयोग से निराश्रित, जरूरतमंद लोगों में ठंड से बचाव के लिये कम्बल का वितरण किया जा रहा है। डा. वर्मा ने बताया कि वे पिछले 21 वर्षो से निरन्तर कम्बल वितरण की भूमिका निभा रहे हैं। बताया कि अपने कार में कम्बल रखता हूं और रास्ते में कोई पात्र व्यक्ति दिखा तो रोककर उसे कम्बल ओढाकर आगे बढ जाता हूं।डा. वी.के. वर्मा ने कहा कि सब कुछ सरकार पर नहीं छोड़ा जा सकता, यदि समाज के समृद्ध वर्ग के लोग थोड़ी पहल करें तो कोई परिवार ठंड से ठिठुरने को विवश नहीं होगा। सच्चे अर्थो में यह मानव की सेवा है। कहा कि वे पेशे से चिकित्सक हैं और पीड़ितों के चेहरों पर मुस्कान लाना उनके जीवन का उद्देश्य है, कम्बल वितरण भी उसी की कड़ी है। ऐसा करके उन्हें आत्मिक सन्तोष मिलता है।


## सात दिवसीय पुस्तक मेला शुरू: मण्डलायुक्त ने किया उद्घाटन

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। शहर के टाउन क्लब में युवा विकास समिति द्वारा नेशनल बुक ट्रस्ट इंडिया, भारत सरकार के सहयोग से लगाये गए सात दिवसीय पुस्तक मेले का भव्य आगाज हवन पूजन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि मंडलायुक्त अखिलेश सिंह नें दीप प्रज्ज्वलित कर मेले का शुभारम्भ किया। उन्होंने प्रकाशकों द्वारा लगाये गए स्टाल का भ्रमण कर सूक्ष्मता से जानकारी ली। इस मौके पर उन्होंने कहा कि किताबें संस्कृति और चरित्र निर्माण को बढ़ावा देती हैं और हमारे निर्णय लेने की क्षमता में सुधार लाती है। उन्होंने कहा कि पुस्तक मेला युवाओं को पुस्तकों तक पहुंचने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने कहा की पुस्तकों का अध्ययन हमारे दिमाग को मजबूत बनाता है। कहा कि पुस्तकों का अपना अलग महत्व होता है. हमें अपनी पीढ़ी को पुस्तकों के प्रति जागरूक करने की जरूरत है।

विशिष्ट अतिथि रानी आशिमा नें कहा की संस्कृति को समझने पर जोर देते हुए कहा कि किसी बुकशॉप में उस शहर की संस्कृति का सार जुड़ा होता है. उसमें शहर की सांस्कृतिक धरोहर के दर्शन होते हैं।

अयोध्या के डॉ. आचार्य महेश दास उत्तराधिकारी हनुमानगढ़ी अयोध्या व प्राचार्य हनुमानगढ़ी संस्कृत महाविद्यालय अयोध्या नें कहा की बच्चों के लिए चित्र, कहानियों की पुस्तकें हैं, अपनी कल्पना के जरिये कहानी बुनने का अवसर है और साथ में खेल–खेल में उन्हें पर्यावरण, नदियों के संरक्षण के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है।



### –संस्कृति और चरित्र निर्माण को बढ़ावा देती हैं किताबें

चिन्तक राजेन्द्र नाथ तिवारी नें कहा की बुके नहीं बल्कि स्वागत में बुक देने की परंपरा चलनी चाहिए। फूलों को अधिक समय तक सुरक्षित नहीं रखा जा सकता जबकि पुस्तकें लंबे काल तक ज्ञान प्राप्ति के लिए साथ बनी रहती हैं। राम कृष्ण मठ के महंथ स्वामी अद्या नन्द नें कहा कि पुस्तक मेलों से मनुष्य में ज्ञान की परंपरा विकसित होगी। व्यवसायी रमेश कुमार गुप्ता नें कहा की पुस्तक मेले की यह अनूठी परंपरा शिक्षा के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगी। ओम प्रकाश आर्य ने कहा की किताबें समाज में परिवर्तन का आसान माध्यम है।

उद्घाटन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ वीरेंद्र त्रिपाठी, डॉ नवीन सिंह, सन्नो दुबे, डॉ नीलम सिंह, नीलम मिश्र, विनोद कुमार उपाध्याय,अमरेन्द्र श्रीवास्तव, संध्या दीक्षित, डॉ. डी के गुप्ता, गरुणध्वज पाण्डेय, धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय, भृगुनाथ त्रिपाठी पंकज, कर्नल केसी मिश्र, सर्वेष्ठ मिश्र, जगदीश शुक्ल, सुरेश पाण्डेय, डॉ. वी. के श्रीवास्तव, माधुरी ने आयोजन को बस्ती के लिए सार्थक प्रयास बताते हुए कहा की पुस्तकों के अध्ययन से तार्किक शक्ति का विकास होता है. संचालन पूर्णिमा श्रीवास्तव नें किया।

पुस्तक मेले में अतिथियों द्वारा डॉ राम कृष्ण लाल 'जगमग' की पुस्तक खुशियों की गौरय्या व डॉ वी. के वर्मा के पुस्तक कोविड–19 का लोकार्पण व विमोचन किया गया।

पुस्तक मेले में भारत सरकार के नेशनल बुक ट्रस्ट, गीता प्रेस, वैदिक प्रकाशन, उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान, निखिल पब्लिशर्ष, ऑनलाइन बुक स्टोर, गरुण प्रकाशन,इशिका प्रकाशन, इंडस स्क्राल, अनामिका प्रकाशन, राम कृष्ण विवेकानंद मठ प्रकाशन सहित एक दर्जन से अधिक प्रकाशकों नें अपने पुस्तकों के स्टाल लगायें हैं। जिनमें सबके रूचि की किताबें मौजूद है। प्रकाशकों द्वारा पुस्तकों पर 10 प्रतिशत से लेकर 60 प्रतिशत तक छूट भी प्रदान की जा रही है।

डिजिटल के दौर में भी पुस्तक मेले में पाठकों, लेखकों और प्रकाशकों की अच्छी हलचल दिखाई दे रही है। यहां अलग–अलग भाषा के स्टॉल पर सजी पुस्तकों को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास– एनबीटी के स्टॉल पर कई भारतीय भाषाओं के साहित्य का प्रदर्शन किया गया है। नेशनल बुक ट्रस्ट के स्टॉल पर हिंदी, उर्दू, अंग्रेजी, अवधी और संस्कृत में पुस्तकें उपलब्ध हैं।

पुस्तक मेला में बच्चों को आकर्षित करने के लिए जहाँ झूले और फूड स्टाल लगाये गए है वहीँ एक सेल्फी प्वाइंट लगाया गया हैं, जिन पर बच्चों और युवाओं की भीड़ उमड़ रही है। नेशनल बुक ट्रस्ट के इस सेल्फी प्वाइंट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत का संविधान देते नजर आ रहे हैं।

सांसद हरीश द्विवेदी बस्ती पुस्तक मेले पहुच कर अपने पसंद की पुस्तके खरीदी और और आयोजकों का हौसला बढाया इस मौके पर उन्होंने कहा की पुस्तकें हमारे जीवन को तराशने का काम करती है। उनके अध्ययन से हमारे मन–मस्तिष्क का विकास होता है। आज भले ही ई–मीडिया का प्रभाव हमारे जीवन पर पड़ रहा हो मगर किताबों की जगह वो कभी नहीं ले सकती। इस दौरान उनके साथ आये लोगों नें भी पुस्तकों की खरीददारी की। सांसद हरीश द्विवेदी नें मोदी जी की पुस्तक देते हुए सेल्फी स्टैंड के साथ फोटो भी खिंचवाया।

# इंडिया गठबंधन में आ सकती है बसपा

लखनऊ (आभा)। अखिलेश यादव की आपत्ति के बावजूद बसपा प्रमुख मायावती इंडिया गठबंधन में आ सकती हैं। दरअसल, उनका इंतजार हो रहा है। रविवार को राजधानी लखनऊ में मीडिया से बातचीत में कांग्रेस के यूपी प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि इंडिया गठबंधन के कुछ साथी बसपा के संपर्क में हैं।



यहीं नहीं अभी पिछले दिनों दिल्ली में हुई बैठक में भी यूपी के कांग्रेसियों ने तर्क दिया था कि भाजपा को हराने के लिए बसपा का साथ चाहते हैं। यूपी के कांग्रेसियों ने कहा था कि मायावती के साथ आने पर दलित वोट मिलने की राह आसान होगी। हालांकि मायावती ने अभी कुछ स्पष्ट नहीं किया है।

उधर, अखिलेश यादव नहीं चाहते हैं कि बसपा इंडिया गठबंधन का हिस्सा बनें।

## निर्णायक साबित होगी कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा–ज्ञानेन्द्र पाण्डेय

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । कांग्रेस की 'उत्तर प्रदेश जोड़ो' यात्रा से लौटकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय 'ज्ञानू' ने यहां प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि इस यात्रा को देश के साथ ही उत्तर प्रदेश की राजनीति पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। कहा कि जिस प्रकार से लखनऊ के रकाबगंज से शुरू हुई और शहीद स्मारक तक पहुंची यात्रा में लोग उमड़े उससे स्पष्ट है कि केन्द्र और उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार से ऊबे लोग कांग्रेस से बड़ी उम्मीद लगाये हुये हैं।



कांग्रेस जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय 'ज्ञानू' ने कहा कि लोकसभा चुनाव अब दूर नहीं है और इण्डिया गठबंधन के उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिये कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता पूरी ताकत लगा देंगे। कहा कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को जितनी भी सीटें मिलेंगी उस पर जीत सुनिश्चित करने के लिये कांग्रेस अपने नीति और कार्यक्रम को घर–घर लेकर जायेगी। 2024 का लोकसभा चुनाव निर्णायक साबित होगा।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता देवेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि जननायक राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' जो आगामी 14 जनवरी से शुरू हो रही है, उस यात्रा में शामिल होकर लोकतांत्रिक विचारों की इस लड़ाई को जन–जन तक पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है।

महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष मंजू पाण्डेय ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार संविधान के साथ 'खिलवाड़' कर रही है और एक 'अघोषित सा आपातकाल' देश में लगा रखा है, उसके खिलाफ खड़े होने का वक्त आ गया है।

बस्ती से 'उत्तर प्रदेश जोड़ो' यात्रा में मुख्य रूप से अवधेश सिंह, रफीक खान, सूर्यमणि पाण्डेय, अतीउल्ला सिद्दीकी, शौकत अली 'नन्हू', सर्वेश शुक्ल, अमित प्रताप सिंह, गुड्डू सोनकर, अमित प्रताप सिंह, देवी प्रसाद पाण्डेय, लक्ष्मी यादव, मो. अशरफ, मो. अलीम के साथ ही बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

## सपा पिछड़ा वर्ग के प्रशिक्षण शिविर में बूथ स्तर के तैयारियों की समीक्षा

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । रविवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पी.डी.ए. बूथ पंचायत बूथ प्रशिक्षण शिविर का आयोजन पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष प्रमोद यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित पदाधिकारियों, सदस्यों को आने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुये बूथ स्तर पर सक्रिय योगदान के प्रक्रिया की जानकारी दी गई।



### –लोकसभा चुनाव में जीत के लिये पूरी ताकत झोंक दें कार्यकर्ता–श्याम कृष्ण

प्रशिक्षण शिविर में पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम कृष्ण गुप्ता ने कहा कि सपा में ही पिछड़ा वर्ग का हित सुरक्षित है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजपाल कश्यप लगातार पीडीए के हितों को लेकर संघर्षशील है। पदाधिकारियों, सदस्यों का दायित्व है कि वे सपा के नीति, कार्यक्रमों को जनता के बीच लेकर जाय और बूथ स्तर की समीक्षा के साथ ही लोगों के हितों के लिये संघर्ष करें। कहा कि केन्द्र और उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार अहंकार में डूबी हुई है। भाजपा कोई बात सुनना नहीं चाहती है। कुछ भी देखना नहीं चाहती है। देश में महंगाई चरम सीमा पर है। किसान की आय दोगुनी नहीं हुई है। यह तमाम वह सवाल हैं जो जनता के बीच लेकर जाना है। यूपी में 80 हराएंगे तभी भाजपा देश से हट जाएगी। इसके लिये सभी कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव में अपनी ताकत झोंकनी होगी।

पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष प्रमोद यादव ने शिविर में बताया कि बूथ स्तर पर तैयारियां लगभग पूरी हो गयी है और बूथ पदाधिकारियों के द्वारा सपा के नीति, कार्यक्रमों से लोगों को जोड़ा जा रहा है।

प्रशिक्षण शिविर में मुख्य रूप से प्रशान्त यादव, आर.डी. निषाद, रामकरन चौरसिया, यदुराम यादव, आर.सी. चौरसिया, संदीप निषाद, संजय चौधरी, पंकज निषाद, कैलाश प्रजापति, मुरली मौर्य, श्याम लाल निषाद, शिव बालक वर्मा, मंगल निषाद, आर.के. शर्मा, गिरधारी यादव, फूल यादव, राम सागर निषाद, पवन कुमार मोदनवाल, जोखू लाल, चीनी चौधरी, रामभवन यादव, पंकज निषाद, मनोज यादव, विकास, दिनेश, प्रेमा भारती, शीला, रंजना, भावना के साथ ही पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों की बैठक में उठे मुद्दे

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । रविवार को सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर एसोसिएशन कार्यकारिणी की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष नरेन्द्र बहादुर उपाध्याय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर में सम्पन्न हुई। संचालन जिला मंत्री उदय प्रताप पाल ने किया।



बैठक को सम्बोधित करते हुये जिलाध्यक्ष नरेन्द्र बहादुर उपाध्याय ने बताया कि पुरानी पेंशन बहाली एवं कैशलेश चिकित्सा में आ रही कठिनाईयों के मुद्दों को लेकर एसोसिएशन लगातार संघर्ष कर रहा है। चिकित्सा प्रतिपूर्ति का समय से भुगतान न होने के कारण आर्थिक संकट के साथ ही समुचित इलाज भी नहीं हो पाता। कहा कि मुख्य चिकित्साधिकारी से मांग किया गया था कि चिकित्सा प्रतिपूर्ति के सम्बन्ध में परीक्षणोंपरान्त आख्या प्रेषित करने की व्यवस्था को पारदर्शी बनाया जाय। इसके लिये आवश्यक है कि जिला चिकित्सालय में 'पहले आओ, पहले पाओ' की नीति अपनायी जाय। इस नीति को स्वीकार कर लिया गया है। इससे सुविधा बढी है।

जिला मंत्री उदय प्रताप पाल ने कहा कि एसोसिएशन द्वारा पेंशनर्स दिवस में समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। निश्चित रूप से इसके सकारात्मक परिणाम सामने आयेंगे। पेंशनरों की समस्याओं के निस्तारण के लिये एसोसिएशन लगातार संघर्षशील है।

बैठक को ई. राधेश्याम त्रिपाठी, नरेन्द्रदेव मिश्र, चन्द्र प्रकाश पाण्डेय, सुरेशधर दूबे, रामनाथ, प्रेमशंकर लाल, ई. रामचन्द्र शुक्ल, सुरेन्द्रनाथ उपाध्याय, मुनीशचन्द्र श्रीवास्तव, श्यामधर सोनी, दिनेश चन्द्र पाण्डेय आदि ने पेंशनरों की समस्याओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

यह जानकारी देते हुये एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी एल. के. पाण्डेय ने बताया कि बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं पर कार्यकारिणी की बैठक में बिन्दुवार विचार विमर्श किया गया। इसका शीघ्र निराकरण कराया जायेगा।

बैठक में रामनाथ, राधेश्याम तिवारी, श्रीगोपाल त्रिपाठी, देवनरायन प्रजापति, प्रेमप्रकाश मिश्र, ओम प्रकाश पाण्डेय, जयनाथ सिंह, अंगिरा प्रसाद, ई0 राम चन्द्र शुक्ल, ओम प्रकाश मिश्र, दीनानाथ प्रसाद, सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव, प्रेम प्रकाश मिश्र, छोटेलाल यादव, मुनीश चन्द्र श्रीवास्तव, शिवशंकर, गिरीश नरायन पाण्डेय आदि शामिल रहे। बैठक के अंत में सेवानिवृत्त लेखपाल सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव, तेज प्रताप सिंह, ओम प्रकाश पाण्डेय के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुये श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"–वेंडेल फिलिप्स*

दैनिक भारतीय बस्ती

बस्ती 8 जनवरी 2024 सोमवार

## सम्पादकीय

### भारत–चीन व्यापार और सम्बन्ध

हिमालय भारत और चीन के बीच लंबे समय से विभाजक और मिलन बिंदू रहा है। समय के साथ, इन दोनों देशों में मतभेद रहे, आर्थिक रूप से एक–दूसरे पर निर्भर रहे और सांस्कृतिक आदान–प्रदान हुआ। उनका इतिहास एक साथ काम करने और प्रतिस्पर्धा करने का मिश्रण है। इस अतीत को जानना उनके वर्तमान संबंधों की जटिलताओं को समझने के लिए महत्वपूर्ण है। अतीत में, सिल्क रोड पर जीवंत व्यापार होता था जो सांस्कृतिक आदान–प्रदान और बौद्धिक संवाद को बढ़ावा देता था। चीनी तीर्थ यात्रियों फाह्यान हयून्सांग और इत्सिंग ने भारत की खोज की और अपनी सभ्यता के अमूल्य विवरण पीछे छोड़ दिए। इस दौरान भारत और चीन दोनों ने एक–दूसरे की उपलब्धियों की प्रशंसा की। भारत ने चीनी कला और सोच को प्रभावित किया और खगोल विज्ञान और चिकित्सा में चीन की विशेषज्ञता को भारत में अपनाया गया। हालांकि, 20वीं सदी में राजनीतिक कलह का दौर शुरू हुआ। मैकमोहन रेखा और अन्य विवादित क्षेत्रों से उपजा अनसुलझा सीमा विवाद 1962 के युद्ध में समाप्त हुआ, जिससे द्विपक्षीय संबंधों पर गहरा असर पड़ा। 1950 में चीन द्वारा तिब्बत पर कब्जा करने के बाद भारत द्वारा दलाई लामा को शरण देने से तिब्बती मुद्दा और भी जटिल हो गया।

इन तनावों के बावजूद, संबंधों को सुधारने और मतभेदों को सुलझाने के प्रयास जारी रहे। 1988 में दिवंगत प्रधानमंत्री राजीव गांधी की चीन यात्रा एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुई, जिससे बातचीत और सहयोग में वृद्धि का मार्ग प्रशस्त हुआ। 1993 का सीमा और शांति समझौता (बी.पी.टी.ए.) या औपचारिक रूप से, भारत–चीन सीमा क्षेत्रों में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एल.ए.सी.) पर शांति बनाए रखने पर समझौते का उद्देश्य सीमा पर झड़पों को रोकना था। शीत युद्ध (कोल्ड वार) के बाद के युग में आर्थिक भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। चीन के आर्थिक उछाल के परिणामस्वरूप भारत के साथ व्यापार में वृद्धि हुई, जिससे वह 2008 में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बन गया। संयुक्त उद्यम फले–फूले, और बुनियादी ढांचे के विकास और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण में सहयोग तेज हुआ। हालांकि, व्यापार असंतुलन भी विवाद का एक मुद्दा बन गया। भारत के बढ़ते घाटे ने आर्थिक कमजोरी के बारे में चिंताएं बढ़ा दीं।

आर्थिक क्षेत्र से परे, दोनों देशों ने खुद को प्रमुख क्षेत्रीय और वैश्विक खिलाड़ी के रूप में पेश करना शुरू कर दिया। भारत की 1991 की 'पूर्व की ओर देखो' नीति और चीन की 'बैल्ट एंड रोड पहल' (बी.आर.आई.) ने उनकी महत्वाकांक्षाओं को उजागर किया, जिससे कभी–कभी रणनीतिक प्रतिस्पर्धा पैदा हुई, खासकर हिंद महासागर क्षेत्र में। हाल के वर्षों में, ऐतिहासिक दोष रेखाएं फिर से उभर आई हैं। एल.ए.सी. पर सीमा गतिरोध, विशेष रूप से 2020 गलवान घाटी संघर्ष, ने चिंताओं को फिर से जगा दिया है। हिंद–प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता, पाकिस्तान के साथ उसके घनिष्ठ संबंधों के साथ मिलकर, भारत के सुरक्षा हितों के लिए नई चुनौतियां पैदा करती है।

भारत के विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने हाल ही में इस रिश्ते की जटिलताओं पर प्रकाश डाला है। उन्होंने चीन के प्रति नेहरू की 'रोमांटिकता' की आलोचना की है, और राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा पर सरदार पटेल के जोर के समान अधिक 'यथार्थवादी' रणनीति की वकालत की है। उन्होंने गलवान घाटी में झड़प के बाद से संबंधों की 'असामान्य स्थिति' पर भी प्रकाश डाला है और बातचीत के माध्यम से शांतिपूर्ण समाधान की आवश्यकता को रेखांकित किया है। इन कठिनाइयों के बावजूद, दोनों देश क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने और वैश्विक आध्थक विकास को बढ़ावा देने में मौलिक हित सांझा करते हैं। नियमित उच्च स्तरीय संवाद, सांस्कृतिक आदान–प्रदान और लोगों से लोगों के बीच संपर्क सेतुओं का निर्माण जारी है। जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद और महामारी जैसे मुद्दों के समाधान के लिए सामूहिक कार्रवाई की आवश्यकता है, जहां भारत और चीन का सहयोग अनिवार्य है।

आगे बढ़ते हुए, रिश्ते को अत्यधिक संवेदनशीलता और रणनीतिक दूरदघ्शता के साथ आगे बढ़ाने की जरूरत है। डा. जयशंकर ने चीन की मुखरता को संतुलित करने की आवश्यकता को स्वीकार करते हुए भी क्षेत्रीय सुरक्षा और वैश्विक चुनौतियों जैसे मुद्दों पर आम जमीन खोजने के महत्व पर जोर दिया है। दोनों देशों को अपने ऐतिहासिक संबंधों को स्वीकार करते हुए और सहयोग के संभावित लाभों को पहचानते हुए बातचीत और आपसी सम्मान को प्राथमिकता देनी चाहिए। भारत–चीन की कहानी संघर्ष या सहयोग के बारे में नहीं है। यह सांझा इतिहास, रणनीतियों, उतार–चढ़ाव का एक आकर्षक मिश्रण है। यह एक समृद्ध, सदैव बदलती कहानी की तरह है जिसमें नेहरू, पटेल, जयशंकर और अन्य लोग महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। एक शांतिपूर्ण और लाभकारी भविष्य बनाने के लिए, इस जटिलता को समझना और विभिन्न दृष्टिकोणों से सीखना महत्वपूर्ण है। यह एक जटिल कहानी पढने जैसा है जहां प्रत्येक मोड़ शांतिपूर्ण सह–अस्तित्व और पारस्परिक रूप से लाभप्रद सहयोग की संभावना को आकार देता है।

# सीट बंटवारे में उलझा इंडिया गठबंधन

–योगेन्द्र योगी–



महाराष्ट्र के कांग्रेस नेताओं का कहना था कि शरद पवार की एनसीपी और उद्धव ठाकरे की शिवसेना में बगावत होने के बाद कांग्रेस ही राज्य में सबसे पुरानी पार्टी बची है। पूर्व मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक चव्हाण ने कहा कि पार्टियों के बीच समायोजन की जरूरत है।

विपक्षी गठबंधन इंडिया की चार बैठकों के बावजूद सीटों के तालमेल और प्रधानमंत्री पद की दावेदारी का मुद्दा उलझने से लोकसभा चुनाव में भाजपा से मजबूती से संयुक्त रूप से मुकाबला करने पर संशय बना हुआ है। गठबंधन के दल अपनी सुविधा के हिसाब से चुनावी गणित लगा रहे हैं। क्षेत्रीय दल राज्यों के हिसाब से सीटों की दावेदारी जता रहे हैं। कोई भी दल यह नहीं चाहता कि उसके प्रभाव वाले राज्य में कांग्रेस या अन्य दलों से सीटों की शेयरिंग की जाए। यही कारण है कि विपक्षी एकता पर अभी तक सवालिया निशान लगे हुए हैं। इंडिया गठबंधन की बैठक में शिवसेना ने 23 सीटों पर अपना दावा किया। उद्धव गुट ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में उनके उम्मीदवारों ने काफी सीटें जीतीं थीं लेकिन अभी ज्यादातर उम्मीदवार एकनाथ शिंदे कैंप में जा चुके हैं। कांग्रेस ने अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए महाराष्ट्र में 23 सीटों की सहयोगी शिवसेना (यूबीटी) की मांग को खारिज कर दिया।

महाराष्ट्र के कांग्रेस नेताओं का कहना था कि शरद पवार की एनसीपी और उद्धव ठाकरे की शिवसेना में बगावत होने के बाद कांग्रेस ही राज्य में सबसे पुरानी पार्टी बची है। पूर्व मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक चव्हाण ने कहा कि पार्टियों के बीच समायोजन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हालांकि हर पार्टी सीटों की बड़ी हिस्सेदारी चाहती है, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए शिवसेना की 23 सीटों की मांग काफी ज्यादा है। कांग्रेस नेता संजय निरुपम ने उद्धव ठाकरे की यूबीटी की 23 संसदीय सीटों की मांग पर तंज कसते हुए कहा कि शिवसेना 23 सीटों की मांग कर सकती है, लेकिन वे उनका क्या करेंगे? शिवसेना के नेता चले गए हैं, जिससे संकट पैदा हो गया है। उम्मीदवारों की कमी शिवसेना के लिए एक समस्या है। वर्ष 2019 में अविभाजित शिवसेना बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन का हिस्सा थी। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी अब एमवीए का हिस्सा है, जिसमें कांग्रेस और एनसीपी शामिल हैं। जून 2022 में एकनाथ शिंदे और 40 अन्य विधायकों ने शिवसेना नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह कर दिया था, जिससे पार्टी में विभाजन हो गया और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार गिर गई। इसके बाद शिंदे ने राज्य में सरकार बनाने के लिए बीजेपी से हाथ मिला लिया।

इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग का इंतजार किए बगैर ही समाजवादी पार्टी भी उत्तर प्रदेश में इलेक्शन की तैयारी कर रही है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इंडिया गठबंधन की जीत को लेकर बड़ा दावा कर दिया। अखिलेश यादव के मुताबिक अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीत दर्ज करेगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी हुई है। इंडिया गठबंधन उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटें जीतेगा। पूर्व सीएम ने ये भी कहा कि 80 सीटें जीतकर बीजेपी को सत्ता से बाहर करना है। सपा अध्यक्ष के बयान से जाहिर है कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के लिए कोई स्थान नहीं बचा है। अर्थात कांग्रेस को अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। हालांकि कांग्रेस ने अभी तक इस पर कोई प्रतिक्रिया जाहिर नहीं की है। लेकिन यह निश्चित है कि अखिलेश यादव आसानी से कांग्रेस से सीट शेयरिंग करने को तैयार नहीं होंगे। दरअसल कांग्रेस नहीं चाहती कि बैठक में कोई ठोस निर्णय से पहले किसी तरह की जल्दबाजी करे। ऐसे में विपक्ष की एकता के बिखराव का ठीकरा कांग्रेस के सिर फूटेगा। इसी से कांग्रेस फिलहाल बचना चाहती है। सीट शेयरिंग का मुद्दा इंडिया गठबंधन के लिए सुलझाना आसान नहीं है।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) अध्यक्ष ममता बनर्जी ने इंडिया गठबंधन को लेकर कहा कि इंडिया गठबंधन देशभर में बीजेपी से मुकाबला करेगा। बंगाल में इस लड़ाई का नेतृत्व टीएमसी करेगी। इससे जाहिर है कि ममता ने कांग्रेस को साफ संदेश दे दिया है कि पश्चिम बंगाल में सीट शेयरिंग का मुगालता नहीं पाले। इस पर भी कांग्रेस की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। कांग्रेस के लिए बिहार में भी सीट शेयरिंग के दरवाजे आसानी से खुलने की संभावना नहीं है। ममता और अखिलेश की तरह बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार भी इस बात के समर्थक रहे हैं कि जिन राज्यों में जिन दलों का प्रभाव है, अर्थात पिछले लोकसभा चुनाव में जिस दल की सीटें जितनी हैं, उस हिसाब से सीट शेयरिंग की जाए। ऐसे में बिहार में कांग्रेस के लिए तालमेल बिठाना मुश्किल है। कमोबेश यही स्थिति अरविन्द केजरीवाल की पार्टी आप की है। केजरीवाल भी कांग्रेस को दिल्ली और पंजाब से बाहर रखना चाहते हैं। केजरीवाल की पार्टी के अन्य नेता इस बात के संकेत दे चुके हैं, यदि समझौता हुआ भी तो कांग्रेस के हिस्से में नाममात्र की सीटे ही आएंगी। सीट शेयरिंग की तरह ही प्रधानमंत्री पद का मुद्दा भी विपक्षी एकता की कवायद को आगे बढ़ाने में मुश्किल पैदा कर रहा है। हालांकि यह मुद्दा तुलनात्मक रूप से फिलहाल इतना बड़ा नहीं है। दिल्ली में हुई बैठक में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और ममता बनर्जी द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का नाम प्रधानमंत्री पद के लिए प्रस्तावित करने पर यह मुद्दा गरमा गया। हालांकि खरगे ने प्रधानमंत्री पद का दावेदार होने से इंकार कर दिया। खरगे ने प्रधानमंत्री पद के चेहरे के मुद्दे को ठंडे बस्ते में रखने की इच्छा व्यक्त की थी और इस बात पर जोर दिया था कि इंडिया गठबंधन को पहले पर्याप्त संख्या में लोकसभा सीटें जीतने की जरूरत है। ममता और केजरीवाल ने खरगे के नाम का दांव बड़ा सोच समझ कर चला। इससे राहुल गांधी के लिए परेशानी बढ़ सकती है।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि 1977 का लोकसभा चुनाव विपक्ष ने मोरारजी देसाई को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किए बिना लड़ा था। पवार ने यह भी भरोसा जताया कि अगले आम चुनाव के लिए 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) एक व्यवहार्य विकल्प के रूप में उभरेगा। उन्होंने कहा कि 1977 का लोकसभा चुनाव विपक्ष ने बिना प्रधानमंत्री पद का चेहरा पेश किए लड़ा था। चुनाव में विपक्ष की जीत के बाद मोरारजी देसाई को इस पद के लिए चुना गया। पवार ने कहा कि राज्यों में हाल के विधानसभा चुनावों में खराब नतीजों के बावजूद हमें विश्वास है कि लोग इंडिया गठबंधन को एक व्यवहार्य विकल्प के रूप में स्वीकार करेंगे। हम सभी एहतियात बरत रहे हैं। अभी तक सीट–बंटवारे पर कोई बातचीत नहीं हुई है। लेकिन सर्वसम्मति बनाने और मतभेदों को सुलझाने के लिए बातचीत शुरू हो गई है।

प्रधानमंत्री पद की दावेदारी के बीच इस बात के कयास लगाए गए कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार खरगे का नाम आगे बढ़ाए जाने से नाराज हैं। नीतीश कुमार ने उन अटकलों को खारिज कर दिया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को प्रधानमंत्री पद का चेहरा बनाने का सुझाव और उन्हें गठबंधन का संयोजक नहीं बनाए जाने के कारण उन्हें मायूसी हुई और वे इसको लेकर नाराज हैं। खरगे का नाम प्रस्तावित किए जाने के बारे में उन्होंने कहा कि बैठक में मुद्दा (एक नेता के नाम का) आया। मैंने शुरू में ही स्पष्ट कर दिया था कि हमारी अपनी कोई इच्छा नहीं है। सब लोग साथ मिलकर चलें यही हम चाहते हैं। फिर एक और नाम प्रस्तावित किया गया, मैंने कहा कि यह ठीक है। यह बात दीगर है कि नीतिश की पार्टी के कई नेता उनका नाम प्रधानमंत्री पद के लिए बता चुके हैं। इंडिया गठबंधन की चार बैठकों के बावजूद सीट शेयरिंग को लेकर कोई नतीजा नहीं निकलने से इस बात के साफ संकेत हैं कि यह मुद्दा बोतल के जिन्न की तरह है, जिसके निकलते ही दल की एकता के भंग होने का खतरा है। सभी दल अपनी ताकत बढ़ाने के लिए दूसरे दलों से सीट शेयरिंग के लिए आसानी से तैयार नहीं होंगे। इसमें सबसे ज्यादा फजीहत कांग्रेस की होनी तय है। कांग्रेस को कोई भी दल सीट नहीं देना चाहता। कांग्रेस को सीट देनी भी पड़े तो नाममात्र की सीटों पर ही टरकाया जाएगा। इस बात की संभावना क्षीण है कि कांग्रेस क्षेत्रीय दलों के सीट शेयरिंग फार्मूले से सहमत होगी, ऐसे में प्रमुख राज्य कांग्रेस के हाथ से निकल जाएंगे, जिसे कांग्रेस कदापि नहीं चाहेगी। इसी वजह से गठबंधन की कवायद पर संशय के बादल मंडरा रहे हैं।

# भ्रष्टाचारियों के लिए कामधेनु बनी राजनीति



–आशीष वशिष्ठ–



हाल के दिनों में तमाम ऐसी खबरें आई जब जांच एजेंसियों ने नेताओं के यहां छापेमारी कर करोड़ो की काली कमाई पकड़ी। बीते साल दिसंबर में प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी को झारखण्ड के कारोबारी एवं राज्यसभा सांसद के यहां आयकर छापे में अरबों रुपये बरामद हुए। सोशल मीडिया पर सांसद की अकूत कमाई और नोटों के बंडल की तस्वीरें खूब वायरल हुई। समाचार आये कि नोट गिनने वाली मशीनें नोट गिनते–गिनते थककर खराब हो गई। थैलों में नोट न आए तो बोरों में भरा गया। कांग्रेस के जरिये सांसद बनने वाले धीरज साहू ने 2018 में राज्यसभा का सदस्य बनने के हलफनामे में अपनी संपत्ति 34 करोड़ के करीब बतायी थी। तो आखिर कैसे महज पांच साल में संपत्ति तीन सौ करोड़ पार कर गई? बहरहाल, यह घटना बताती है कि कैसे देश की राजनीति रोगियों की कमाई के लिये कामधेनु बन गई है।

राज्यसभा सांसद ने दो बार लोकसभा का चुनाव लड़ा और हार गया था। फिर राज्यसभा के जरिये संसद पहुंचने की तिकड़में की। जाहिर है, धनबल भी उसका एक जरिया रहा होगा। ऐसा भी नहीं है कि भारी मात्रा में नकदी बरामदगी की यह पहली घटना हो। बीते दिनों ही ईडी ने हरियाणाा में अवैध खनन और अन्य मामलों में करोड़ों की नगदी बरामद की। जिन नेताओं के यहां छापेमारी हुए उनमें इंडियन नेशनल लोकदल, कांग्रेस और भाजपा के नेता व उनके करीबी शामिल हैं।

ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि कोई कैसे इतनी अकूत संपत्ति जुटा लेता है। हमारी आर्थिक अपराधों पर नजर रखने वाली एजेंसियां क्यों तब खामोश थीं जब संसाधनों की लूट–खसोट जारी थी। सवाल यह भी कि कहीं ऐसे भ्रष्टाचार के मामलों का खुलासा चुनाव प्रक्रिया के आसपास राजनीतिक लाभ के लिये तो नहीं होता? यह भी है कि क्या सत्ता पक्ष अपने राजनीतिक विरोधियों को बदनाम करने के लिए जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करता है?

भ्रष्टाचार उतना ही पुराना है जितनी राजनीति। फर्क सिर्फ इतना हुआ है कि पहले दाल में नमक होता था और अब नमक में दाल।एक फर्क यह भी कि सामाजिक न्याय की राजनीति में उभार आने के बाद भ्रष्टाचार फूहड़ और बेशर्म भी हुआ। पुराने लोग बताते हैं कि पहली लोकसभा के समय जब फिरोज गांधी ने अपनी ही सरकार के खिलाफ मूंदड़ा केस उठाया तो जवाहर लाल की सरकार हिल गई थी।

हिन्दुस्तान का मानस भी भ्रष्टाचार के नाम पर खूब उद्वेलित होता है। खुद कितना ही भ्रष्ट हो पर अपने नेता को ईमानदार देखना इसकी चाहत रहती है। 1977 और 1989 में क्रमशः जेपी आंदोलन और फिर राजा विश्वनाथ प्रताप सिंह की बोफोर्सी दहाड़ के बल पर दिल्ली का निजाम इसीलिए पलटा खा गया कि मूल में भ्रष्टाचार था। पर इधर सामाजिक न्याय की राजनीति के उभार के बाद राजनेताओं का भ्रष्टाचार और ज्यादा फला–फूला। लालू यादव और शिबू सोरेन की सरकारें रहीं हो या फिर मुलायम और मायावती की या फिर हरियाणा में ओमप्रकाश चौटाला की। कोई सरकार भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों से बची नहीं।

राजनीतिक इतिहास के पन्ने पलटे तो देश की आजादी के तुरंत बाद यानी 1948 में जीप घोटाला हुआ। जिन मेनन पर घोटाले के आरोप लगे थे उन्हें बाद में जवाहर लाल नेहरू ने अपनी कैबिनेट में मंत्री बनाया। जीप घोटाले के बाद 1951 में साइकिल आयात घोटाला सामने आया। इसके बाद 1956 में बीएचयू फंड घोटाला, 1958 में हरिदास मूंदड़ा मामला, 1960 में तेजा लोन स्कैम, 1963 में प्रताप सिंह कैरों स्कैम, 1965 में पटनायक 'कलिंग ट्यूब्सश् मामला, 1974 में मारुति घोटाला, 1976 में कुओ ऑयल डील, 1981 में अंतुले ट्रस्ट, 1987 में एचडीडब्ल्यू दलाली मामला सामने आया। ये वो मामले थे, जिनका खुलासा देश की आजादी के बाद सबसे पहले हुआ। इसके बाद हुआ बोफोर्स घोटाला। इसकी गूंज आज भी संसद से लेकर सड़क तक सुनाई देती है। इसमें देश की कई बड़ी दिग्गज हस्तियों का नाम आया था।

2010 में भारत ने कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी की थी। भव्य स्तर पर इसका आयोजन हुआ था। पूरी दुनिया से खिलाड़ी आए थे। आयोजन के एक साल बाद यानी 2011 में इसपर बड़ा दाग लगा। आरोप लगा कि इसमें करीब 70 हजार करोड़ का घोटाला हुआ है। इस मामले में मुख्य तौर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष सुरेश कलमाडी और उनके सहयोगियों के नाम शामिल रहे।

ये बात 2010 की है। देश में इंटरनेट स्पीड को बढ़ाने के लिए मोबाइल नेटवर्क कंपनियों को 2 जी स्पेक्ट्रम की नीलामी की गई। कहा जाता है कि इस पूरे मामले में देश के खजाने को 176 हजार करोड़ की हानि हुई। इस मामले के लिए पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और पूर्व संचार मंत्री ए. राजा को जिम्मेदार ठहराया गया। दिसंबर 2017 में सीबीआई कोर्ट ने इस मुकदमे के सभी आरोपियों को रिहा कर दिया।

राजनेता ही नहीं, कई नौकरशाहों के यहां से भारी मात्रा में नकदी व अचल संपत्ति के कागज बरामद होने की भी खबरें सुनी जाती रही हैं। ये घटनाएं बताती हैं कि जिन राजनेताओं व नौकरशाहों पर सामाजिक न्याय व गरीबों के कल्याण की जवाबदेही थी, कैसे वे कदाचार का सहारा लेकर अपना घर भरने में लग जाते हैं। इन घटनाक्रमों से यह समझना भी कठिन नहीं है कि कैसे हमारे जनप्रतिनिधि चुने जाने के कुछ समय बाद ही करोड़ों में खेलने लगते हैं। यह भी कि हमारे लोकतंत्र में धनबल व भ्रष्टाचार कितने गहरे तक अपनी पैठ बना चुका है।

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस, तमिलनाडु में सत्तारूढ़ डीएमके के मंत्री भ्रष्टाचार में लिप्त पाए गए हैं। इनमें से कई जेल में हैं। दिल्ली काषराब घोटाला वर्तमान में सबसे चर्चित है। आप के दो बड़े नेता तिहाड़ की रोटियां खा रहे हैं। इसी मामले में जांच एजेंसी दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को बार–बार समन भेजकर पूछताछ के लिए बुला रही है, लेकिन वो ईडी के सामने पेष होने की बजाय राजनीतिक ड्रामेबाजी और प्रपंचों में मगन हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी भ्रष्टाचार के मामलों में ईडी सात समन भेज चुकी है। सोरेन भी ईडी के सामने पेश होने की हिम्मत जुटा नहीं पा रहे। बीते दिसंबर अदालत ने उत्तर प्रदेश की बसपा सरकार में शिक्षा मंत्री रहे राकेश धर त्रिपाठी को भ्रष्टाचार के मामले में तीन साल की सजा सुनाई। बीते 22 दिसंबर को मद्रास हाई कोर्ट ने भ्रष्टाचार और आय से अधिक संपत्ति के मामले में डीएमके नेता और तमिलनाडु के उच्च शिक्षा मंत्री को दोषी ठहराते हुए तीन साल की कैद और 50 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

2014 में केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार के गठन के बाद से भ्रष्टाचार खासकर राजनीतिक भ्रष्टाचार पर कड़ी कार्रवाई की गई। इससे पूर्व राजनीतिक भ्रष्टाचार पर सभी दलों की आपसी समझ और सहमति दिखाई देती थी। चुनावी मंच पर एक दूसरे को भ्रष्ट बताने की होड़ तो लगती थी, लेकिन चुनाव बाद भ्रष्टाचार पर कोई कार्रवाई नहीं होती थी। मोदी ने राजनीतिक दलों की इस समझ और मूक सहमति को तोड़ा है। इसलिए जब जांच एजेंसियां किसी विपक्षी दल के नेता के यहां छापेमारी करती हैं तो एजेंसियों के दुरुपयोग और राजनीतिक प्रतिषोधा जैसी बयानबाजी सुनाई देती है।

राजनीतिक दलों की साफ– सुथरी राजनीति की घोषणाएं न सिर्फ दिखावटी, बल्कि पाखंड हैं। इसलिए, जबकि भारत एक जिम्मेदार वैश्विक खिलाड़ी के तौर पर खुद को स्थापित करने का ध्येय रख रहा है तो, राजनीतिक नेतृत्व के लिए ये जरूरी हो जाता है कि वे राजनैतिक फन्डिंग में पारदर्शिता लाने के साथ ही व्यापक राजनीतिक सुधार लाना अत्यंत जरूरी हैं। इसके अलावा अदालतों से न्याय मिलने की प्रक्रिया में सुधार और आरटीआई की प्रक्रिया को मजबूत रखना भी भ्रष्टाचार के खिलाफ की जाने वाली लंबी लड़ाई में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। नेताओं के भ्रष्ट आचरण से आमजन में उनकी साख घट रही है।

# मानवता विशेष सद्‌गुण



–संजीव ठाकुर–

समाजीकरण की प्रक्रिया में मानवता का प्रथम कदम विनम्रता के साथ शुरू हो तो सफलता उसके कदम चूमना शुरु करती है। विनम्रता मनुष्य के जीवन का वह सद्‌गुण है जो उसे हर मुसीबत से विजई होना सिखाता है। सदाशयता भी यदि विनम्रता के साथ जुड़ जाए तो मनुष्य को ऊंचाइयों पहुंचने से कोई रोक नहीं सकता है। प्रत्येक मनुष्य जीवन में उस ऊंचाई को अर्जित करना चाहता है, जिसका उसने जीवन में कभी स्वप्न देखा हो, यह जीवन का आवश्यक अंग भी है क्योंकि जीवन की सफलता और सार्थकता एक दूसरे पर आश्रित आवश्यक अंग है। मनुष्य मूल प्रवृत्ति से स्वार्थी, अंहकारी होता है, किंतु जैसे जैसे अपने आसपास के वर्तमान संपर्क में आता है उसकी मूल प्रवृत्ति का लोप होते जाता है तथा नए विचारों का प्रभाव उस पर ज्यादा से ज्यादा होने लगता है। समाज के सामाजिक ढांचे को मजबूती प्रदान करने के लिए सहिष्णुता, करुणा ,सदाशयता आदि गुणों का विकास होता है और इन्हीं गुणों के मिश्रण से विनम्रता रूपी सद्‌गुण का समन्वय के साथ विकास होता है। विनम्रता के मामले में हम यह कह सकते हैं कि यह वह गुण है जिसे प्रकृति में महान लोगों को ही नवाजा है,या यह कहना चाहिए कि विनम्रता, संयम,सहजता आदि गुणों से ही सामान्य व्यक्ति महानता की ओर अग्रसर होता है। तुच्छ और अंहकारी व्यक्ति विनम्रता को ग्रहण नहीं कर सकता और कूप मंडूक ही बना रहता है। थोड़ा ज्ञान लेकर व्यक्ति श्अधजल गगरी छलकत जाएश् की भांति विनम्रता को त्याग देता है ऐसे में वह ना आधा रह पाता है ना ही पूरा हो पाता है। क्योंकि बड़ा और महान व्यक्ति अपनी प्रशंसा को भी सामान्य ढंग से अंगीकृत करता है और प्रशंसा सुनकर फूल कर कुप्पा नहीं हो जाता है। महान सुकरात ज्ञानी होकर भी कहते थे कि मैं अभी कुछ नहीं जानता मैं अज्ञानी हूं, इस संदर्भ में कबीर ने बहुत अच्छी सूक्ति कही

'बड़ा भया तो क्या भया जैसे पेड़ खजूर,
पंथी को छाया नहीं फल लागे अति दूर'

यदि व्यक्ति कोई उपलब्धि हासिल कर ले तो उसका अंहकार करने की बजाय समाज के हित में उसका उपयोग करना चाहिए ना कि केवल अपने तक सीमित रखना चाहिए क्योंकि बिना सार्वजनिक हित व उपलब्धि निरर्थक है। फल आने पर वृक्ष झुक जाते हैं उसी प्रकार उपलब्धि पाने पर व्यक्ति को विनम्र हो जाना चाहिए। विनम्रता,सदाशयता वह गुण हैं जो व्यक्ति के व्यक्तित्व को निखारती है और अहंकार व्यक्तित्व को रसातल पर ले जाता है, क्योंकि अहंकारी व्यक्ति की किसी ज्ञान के प्रति स्वीकारोक्ति लगभग शून्य होती है। विनम्रता को आत्मसात करने वाला व्यक्ति सदा नए विचारों के प्रति आकर्षित रहता है और विनम्रता के साथ नए ज्ञान को आत्मसात करते हुए उसके व्यक्तित्व में स्वतः निखार आने लगता है। भारत के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे कलाम राष्ट्रपति होने के बाद भी विद्यार्थियों के संपर्क में रहकर उनसे संवाद करते थे जो उनकी महानता को सदैव पुनीत करता रहा और उसी विनम्रता सह्रदयता के कारण उन्हें भारत रत्न की उपाधि देकर सम्मानित भी किया गया। ज्ञान का पिपासु व्यक्ति केवल सूचनाओं का भंडारण नहीं करता बल्कि वह उन्हें विनयशील भी बनाने का प्रयास करता है और यही विनम्रता विशाल ह्रदयता व्यक्ति को जीवन पथ पर अग्रसर होने का मार्ग प्रशस्त करती है। विनम्रता से ही व्यक्ति पात्रता ग्रहण करता है और विनम्रता ही व्यक्ति को सामाजिक व्यवस्था में महान बनाती है ताकि उसका जीवन लोकहित में समर्पित रहे। विनम्रता व्यक्तित्व में नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए भी अत्यंत आवश्यक पहलु है। यदि नेतृत्व करता विनम्र हो उसके नेतृत्व को जनता स्वीकार करती है तो उससे अच्छा एवं समर्थ नायक राष्ट्र में नहीं पैदा हो सकता है। विनम्र शील व्यक्ति जनता के विचारों को आत्मसात कर अपने आप को परिपक्व बनाता है तथा अपने नेतृत्व को एक सही दिशा देने का कार्य करता है।

# भक्ति रस में सराबोर होकर निकली खाटू श्याम निशान यात्रा

**संवाददाता—बहराइच।** कैसरगंज में रविवार को धूमधाम से खाटूश्याम की निशान यात्रा निकाली गई। यात्रा में ध्वज लिए श्रद्धालु भक्ति की धुनों पर थिरकते रहे। कस्बे में जगह —जगह पुष्पवर्षा कर निशान यात्रा का स्वागत किया गया। शोभायात्रा में करीब 300 ध्वज हाथों में लिए महिला व पुरुष श्रद्धालु चल रहे थे। यात्रा कार्यक्रम स्थल गुड़ मण्डी से होती हुई तहसील गेट तक पहुची, वंहा से होते हुए यह यात्रा हनुमान मन्दिर के निकट पहुंची। जंहा श्रदालुओं ने पुष्प वर्षा कर यात्रा स्वागत किया। वहां डीजे के आगे ध्वज लिए श्रद्धालु, बाबा खाटू श्याम के गीतो पर थिरकते रहे। सैकडों की संख्या में महिलाओं की भी भागीदारी रही। निशान यात्रा निकलने से पूरा कस्बा भक्ति रस में डूब गया। हनुमान मन्दिर होते हुए निकली यात्रा पर जगह— जगह पुष्प वर्षा की गई। पूरे रास्ते श्रद्धालु खाटू श्याम के जयकारे लगाते रहे। यात्रा का समापन पुनः कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर हुआ। इसके बाद सैकडों लोगों ने प्रसाद भी ग्रहण किया। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, कार्यक्रम संयोजक अरविंद यज्ञसेनी, मंडल अध्यक्ष शिव सहाय सिंह, बुद्ध सागर गुप्ता, उम्मेद जैन, रामस्वरूप पारीक,ओम प्रकाश पारीक, पूर्व प्रधान कौशलेंद्र चौधरी, राजू मिश्रा, सुनील रस्तोगी, रतन पारीक,मोहित मिश्रा, नानबच्चा सोनी,आशु सोनी, अनिल सोनी, उमा प्रताप सिंह, अतुल यज्ञसेनी, श्यामजी, सचिन अग्रवाल, हनुमान, आयूष, गोपी कौशल, भरत कौशल, आलोक जायसवाल,गंगाराम जायसवाल, गुलाब सिंह, सुनील गुप्ता, विनोद वर्मा, निरंकार बाबा, कृण्ण कुमार गुप्ता, ध र्मेन्द्र श्रीवास्तव, रीतेश श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव आदि सैकडों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# ट्रैंकुलाइज कर पकड़ी गई मादा तेंदुआ भेजी गई कानपुर चिड़ियाघर

**संवाददाता—बलरामपुर।** बहदिनवा नाला किनारे ट्रैंकुलाइज कर पकड़ी गई मादा तेंदुआ रविवार को कानपुर चिड़ियाघर भेजी गई है। स्वास्थ्य परीक्षण के बाद आवश्यक प्रपत्र लेकर रेंजर अमरजीत अपराह्न दो बजे कानपुर के लिए रवाना हुए। शुक्रवार को पिंजरे में कैद दूसरी मादा तेंदुआ किस चिड़ियाघर में भेजी जाएगी इसका निर्धारण शासन स्तर पर नहीं किया जा सका है। लालनगर सिपहिया, धर्मपुर व बेलवा गांव में अलर्ट जारी करते हुए गश्त बढ़ा दी गई है। धनगढ़वा व धर्मपुर गांव के बीच तेंदुआ पकड़ने को नया पिंजरा लगाया गया है। दोनों गांव के बीच तेंदुए की लोकेशन लगातार मिल रही है। धर्मपुर गांव में पिंजरा हटाए जाने से ग्रामीण नाराज हैं। नर तेंदुए को पकड़ने के लिए नई रणनीति बनाई गई है। तीन जनवरी को बहदिनवा नाला किनारे ट्रैंकुलाइज कर पांच वर्षीय मादा तेंदुए को पकड़ा गया था। उसे चिड़ियाघर भेजने की अनुमति शासन से मांगी गई थी। रविवार सुबह तेंदुए को कानपुर चिड़ियाघर भेजने की अनुमति मिल गई। जनकपुर के रेंजर अमरजीत ने बताया कि मादा तेंदुए का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया है। कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद तेंदुए को कानपुर ले जाया जा रहा है। लालनगर सिपहिया गांव में शुक्रवार रात पकड़ी दूसरी मादा तेंदुआ भी जनकपुर रेंज कार्यालय परिसर के पिंजरे में रखी गई है। प्रभारी डीएफओ एमबी सिंह ने बताया कि तेंदुए को किस चिड़ियाघर भेजा जाना है, इसका निर्धारण अभी नहीं हो सका है। शासन से प्राप्त आदेश का अनुपालन किया जाएगा। वन विभाग को अभी नर तेंदुए की तलाश है। दो तेंदुओं के पकड़े जाने से वनाधिकारियों एवं कर्मियों का उत्साह बढ़ गया है। उन्होंने तेंदुआ पकड़ने के अभियान की गति को तेज करने का दावा किया है। लालनगर सिपहिया गांव में शनिवार दोपहर चक मार्ग पर एक और तेंदुआ देखा गया है। ग्रामीणों का दावा है कि तेंदुए के दो शावक भी अक्सर दिखाई देते हैं। पकड़े गए तेंदुए की सूचना शासन को भेजी गई है। लालनगर गांव से पिंजरा हटा लिया गया है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि डेढ़ माह के बीच तराई क्षेत्र में छह मासूम बच्चे तेंदुए का शिकार बन चुके हैं। खौफ अभी कम नहीं हुआ है। पांच दिनों के बीच दो मादा तेंदुए पकड़ी जा चुकी हैं। वन विभाग ग्रामीणों से सतर्कता बनाए रखने की अपील कर रहा है। लालनगर सिपहिया गांव में खतरा अभी टला नहीं है, फिर भी वन विभाग ने पिंजरा हटा लिया है। धनगढ़वा व धर्मपुर गांव के बीच अक्सर तेंदुआ देखे जाने की बात कही जाती है।

# काशी के विद्वानों के सुझाव पर डा. रंगनाथ त्रिपाठी को अयोध्या में श्रीराम लला विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा का मिला निमंत्रण

**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**



महराजगंज। पंचायत इंटर कॉलेज परतावल बाजार के प्रबंध समिति के सदस्य डॉ. रंगनाथ त्रिपाठी को अयोध्या में श्रीराम लला विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा का विधि विधान पूरा कराने के लिए निमंत्रण मिला है। काशी के विद्वानों के सुझाव पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट ने डॉ. रंगनाथ त्रिपाठी को आमंत्रण भेजा भेजा है। प्राण प्रतिष्ठा के पूजा का विधि विध ान 16 जनवरी से शुरू होगा। इसके मद्देनजर उनको एक दिन पहले बुलाया गया था। प्राण प्रतिष्ठा के बाद 23 या 24 जनवरी को वापसी होगी।

डॉ. रंगनाथ त्रिपाठी गोरक्षनाथ संस्कृत विद्यापीठ स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोरखपुर में वेद विभाग के अध्यक्ष हैं। परतावल क्षेत्र के पंचायत इंटर कॉलेज परतावल बाजार के प्रबंध समिति के सदस्य भी हैं। डॉ. रंगनाथ त्रिपाठी राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का पूजन करा चुके हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चम्पत राय ने डॉ. रंगनाथ त्रिपाठी को निमंत्रण पत्र भेजा है। पत्र में उन्होंने बताया है कि मंदिर को इस तरह बनाया जा रहा है ताकि वह एक हजार वर्ष तक खड़ा रहे। मंदिर में रामलला के नूतन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को है। इस तिथि की गणना काशी के विद्वान गणेश्वर शास्त्री द्राविड़ ने की है। पूजा के विधान लक्ष्मीकांत दीक्षित के नेतृत्व में सम्पन्न किए जाएंगे। इन्हीं दोनों विद्वानों ने डॉ. रंगनाथ त्रिपाठी का नाम सुझाया है। तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चम्पत राय ने डॉ. रंगनाथ त्रिपाठी को पत्र भेज बताया है काशी के दोनों विद्वान यह चाहते हैं कि प्राण प्रतिष्ठा के विधि विधान में शामिल होकर पूजा विधान को कराएं। दोनों विद्वानों की इच्छा को स्वीकार करते हुए आप अयोध्या पधारें।

डॉ. रंगनाथ त्रिपाठी ने बातचीत में बताया कि राम लला विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान कार्य सम्पन्न कराने के लिए आमंत्रण मिलना सौभाग्य है। निर्धारित तिथि पर अयोध्या पहुंच जो भी जिम्मेदारी मिलेगी, उसका निर्वहन करूंगा। राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के विधि ा—विधान में शामिल होने के लिए पंचायत शिक्षा समिति के सदस्य को आमंत्रण मिलने पर पंचायत इंटर कॉलेज के संरक्षक सुधीर कृ ष्ण त्रिपाठी व धीरेन्द्र कृष्ण त्रिपाठी, प्रबंधक जयंती त्रिपाठी, प्रधानाचार्य डॉ.दीनबंधु शुक्ल, प्रदीप कृष्ण त्रिपाठी, डॉ. अंशुमान त्रिपाठी, रवि दूबे, दिग्विजय यादव, महेन्द्र यादव ने प्रसन्नता का इजहार किया है। प्रबंधक जयंती त्रिपाठी ने कहा कि यह विद्यालय का भी सौभाग्य है कि इसके प्रतिष्ठित सदस्य डॉ. रंगनाथ त्रिपाठी को राम मंदिर के अनुष्ठान के लिए निमंत्रण मिला है।

# बाइक यात्रा में श्रीराम के उद्घोष से गूंजा इलाका

**संवाददाता—श्रावस्ती।** 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर आरएसएस की ओर से विशाल बाइक महामंगल कलश यात्रा निकाली गई। निकाली गई यह यात्रा 35 किलोमीटर रही। यात्रा के दौरान हजारों रामभक्त यात्रा में शामिल हुए और श्रीराम के उद्घोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से रविवार को भंगहा बाजार स्थित काली माता मंदिर परिसर से बाइक महामंगल कलश यात्रा निकाली गई। श्रीराम के उद्घोष के साथ यात्रा की शुरुआत की गई। रथ सजाकर श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण व हनुमान के पात्रों को सवार किया गया था। डीजे की धुन पर भक्त झूमते हुए मंदिर परिसर से निकले। एसएस के विभाग प्रचारक डा. अवधेश ने आरती की इसके बाद यात्रा शुरू हुई। यात्रा भंगहा से शिवगढ़ कला, शाहपुरकला, रामपुर ककरा गांव पहुंची। जहां यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। इसके बाद बेल भरिया, पतिझिया, बन घुसरा, हरिहरपुर गांव होते हुए यात्रा खरगौरा मोड़ पहुंची। यहां से यात्रा सेमरी चौराहा के लिए रवाना हुई। सेमरी चौराहा पहुंचकर यात्रा ने भिनगा नगर के लिए प्रस्थान किया। भिनगा के खलवा बाजार, नई बाजार, अटल चौक होते हुए यात्रा जूनियर हाई स्कूल परिसर पहुंची। यहां यात्रा का समापन किया गया। नगर के नई बाजार में उदासीन संगत के सामने महा मंगल कलश यात्रा की आरती की गई। यात्रा में लगभग दो हजार से अधिक बाइक केसरिया झंडे के साथ शामिल हुई। वहीं 20 से अधिक चार पहिया वाहन यात्रा में शामिल रहे। यात्रा के दौरान रामभक्तों की ओर से श्रीराम के जयकारे लगाए गए। इस दौरान श्रीराम के उद्घोष से पूरा इलाका गूंज उठा। जिला प्रचारक शिव शंकर ने कहा कि यह यात्रा अयोध्या में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर निकाली गई। लम्बे संघर्षों के बाद भगवार राम अपने घर में विराजमान होंगे। इसकी खुशी सभी रामभक्तों में है। इस मौके पर प्रान्त के बौद्धिक प्रमुख सुनील, नगर प्रचारक भानु प्रकाश, नगर संघचालक महेन्द्र सिंह, मुंशी राम तिवारी, दिवाकर, ज्ञान सागर सिंह, मारीध्य कांत सिंह, अखिलेश, मुनि महाराज आदि मौजूद रहे।

# सभी वर्गों के लिए काम कर रही सरकार —रमाकांत

**संवाददाता—गोण्डा।** केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार में सभी कल्याणकारी योजनाओ का लाभ गांव के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने का काम हो रहा है। सरकार सभी वर्गों के लिए काम कर रही है। यह बातें गौरा विधान सभा की ग्राम पंचायत अमवा में पंचायत भवन पर आयोजित विकसित भारत संकलल्प यात्रा के दौरान पूर्व जिलाध् यक्ष रमाकांत तिवारी ने कही। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र पान्डेय ने किया।

विशिष्ठ अतिथि सांसद प्रतिनिधि ा कमलेश पान्डेय,पंडित राज हंस मिश्र रहे। कार्यक्रम में कृ षि,पंचायत,बाल विकास, चिकित्सा विभाग दिव्यांगजन सहित तमाम विभाग के कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे। आंगनबाडी वर्करों ने गोदभराई व नन्हे मुन्ने बच्चों को खीर खिलाकर अन्न परासन कराया । इस मौके पर एसीएमओ डाक्टर सीके वर्मा,सचिव तिलकराम वर्मा,नोडल अधिकारी पवन कुमार सिंह, एएन एम कंचन देवी,सीएचओ शिव कुमार वर्मा, अनुज कुमार वर्मा,प्रधान ऐलनपुरग्रंट राम प्रकाश यादव,तामापार भगवानदीन मिश्र, भरपुरवा चिताराम यादव, राजेश द्विवेदी, त्रिपुरेश तिवारी,राजेन्द्र वर्मा,रवी वर्मा,संतोष वर्मा,डीके पान्डेय ,चंचल कुमार रहे। इसी क्रम में विध ान सभा मनकापुर की गांव पंचायत जैदवा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री व क्षेत्रीय विधायक रमापति शास्त्री,विशिष्ठ अतिथि बाबूलाल शास्त्री,पूर्व प्रमुख यूपी सिंह व केके सिंह रहे। वही चांदपुर लखपतराय में मंडल अध्यक्ष अमित सिंह की अगुवाई में कार्यक्रम हुआ, जिसमें भाजपा नेता बाबूलाल शास्त्री, वेद प्रकाश दूबे, जिला कार्य समिति सदस्य केके सिंह, भाजपा नेता जनार्दन तिवारी, खंड विकास अधिकारी विजयकांत मिश्र,एडीओ पंचायत राकेश श्रीवास्तव रहे।

बसंतपुर तिवारी ग्राम पंचायत में विकसित भारत यात्रा का आयोजन रू पड़री कृपाल ब्लॉक क्षेत्र के बसंतपुर तिवारी ग्राम पंचायत में शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। यात्रा का गांव के लोगों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कुमार कश्यप रहे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा मोदी सरकार की अत्यंत सराहनीय पहल है। इस यात्रा से बृहद स्तर पर जन जागरण का कार्य किया जा रहा है। जन जागरण के साथ ही साथ मौके पर ही ग्राम वासियों की तमाम समस्याओं का निदान किया जा रहा है। सभी मोदी सरकार की इस पहल का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करते हैं। इस दौरान जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र ओझ पट्टू, जिला कार्य समिति सदस्य मनीष द्विवेदी, मंडल उपाध यक्ष फूल बाबू रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने किया भारत नेपाल सीमा का भ्रमण

**संवाददाता—श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक ने भारत नेपाल सीमा का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने सीमा की सुरक्षा प्वाइंटों की जांच की। साथ ही पुलिस व एसएसबी जवानों को सीमा सुरक्षा को लेकर जरूरी निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने रविवार को थाना मल्हीपुर व थाना सिरसिया क्षेत्र के इंडो नेपाल बार्डर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने एसएसबी के अधिकारियों के साथ बाठक कर बार्डर की सुरक्षा के बारे में जानकारी ली। बार्डर पर मादक पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी व संदिग्ध गतिविधियों को रोकने के लिए विशेष सतर्कता बरतने तथा संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की लगातार चेकिंग करते रहने के लिए एसएसबी टीम व पुलिस टीम को निर्देशित किया। उन्होंने असनहरिया, ताल बघौड़ा, सुईया बार्डर, सधई पुरवा, बनिया गांव, राजपुर मोड़ आदि राष्ट्र नेपाल बॉर्डर से सटे गांवों में फ्लैग मार्च कर सुरक्षा का एहसास दिलाया। सुइया बार्डर पर स्थित एसएसबी व एपीएफ नेपाल बीओपी पहुंच कर ड्यूटीरत जवानों का कुशलक्षेम जाना तथा इंडो नेपाल बार्डर पर नो मेन्स लैंड पर जाकर पिलर्स की स्थिति का मुवायना किया। अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव, एसएसबी द्वीतीय कमान अधि ाकारी संदीप कुमार, उपकमांडेन्ट सोनू कुमार, एसडीएम भिनगा पीयूष कुमार जायसवाल आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# करतलिया आश्रम के महंत रामदास के संयोजन में जरूरतमंदों को दिया गया कंबल



**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**

अयोध्या। भगवान श्री राम नगरी में मां सरयू के पावन तट पर स्थित सिद्ध पीठ करतलिया बाबा आश्रम में आश्रम के पीठाधीश्वर महंत बाल योगी रामदास के संयोजन में रविवार को भीषण ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों को मुख्य अतिथि समाजवादी सरकार में पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन के द्वारा कंबल वितरण कराया गया। वैसे तो प्रत्येक वर्ष करतलिया आश्रम में हजारों जरूरतमंदों को कंबल दिया जाता है और समय—समय पर उनको अन्य व्यवस्थाएं भी की जाती हैं इस वर्ष जब कड़ाके की ठंड से लोग ठीक हो रहे हैं ऐसे में कंबल वितरण करके बाल योगी रामदास आश्रम और संत की परंपरा को जीवंत किए हुए है।

इस अवसर पर पवन पांडे ने कहा कि प्रत्येक वर्ष मां सरयू के पावन तट पर बाल योगी रामदास के संयोजन में कंबल वितरण किया जाता है इस वर्ष भी आश्रम में कंबल वितरण का मुझे अवसर प्राप्त हुआ मैं इस पुनीत कार्य के लिए रामदास महाराज का आभार व्यक्त करता हूं और सभी के आशीर्वाद का आकांक्षी। बाल योगी रामदास महाराज ने बताया कि भोजन के बिना आदमी रात बिता सकता है लेकिन ठंड में अगर ओढ़ने के लिए कुछ ना हो तो आदमी ठीक होता रहता है इसकी जीवंत तस्वीर में नदियों के किनारे देखता रहता हूं इसीलिए प्रत्येक वर्ष ठंड बढ़ने के पहले पूरी तैयारी कर लेता हूं और हजारों की संख्या में जिनको आवश्यकता है उनको कंबल प्रधान करवाता हूं यह सेवा गुरुदेव भगवान के आशीर्वाद से चलती है और निरंतर चलती रहेगी। इस अवसर पर मौजूद चौधरी बलराम यादव, अखिलेश पांडे, ननकन यादव, राम सजीवन यादव, सचिन तिवारी, हरीश प्रजापति सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# घर से परीक्षा देने निकली छात्रा, रास्ते में मिला प्रेमी बिना परीक्षा दिए हुई फरार

**संवाददाता—गोण्डा।** एक महाविद्यालय में पढ़ रही स्नातक की छात्रा घर से परीक्षा देने के लिए निकली। वह रास्ते से ही बिना परीक्षा दिए अपने प्रेमी के संग फरार हो गई। पीड़ित पिता ने पुलिस में शिकायती पत्र देकर क्षेत्र के एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। एक गांव के रहने वाले युवक के प्रेम जाल में फंसी युवती का प्रेम प्रसंग लंबे समय से चलता आ रहा था। शनिवार को घर से परीक्षा देने के लिए मसकनवा स्थिति एक महाविद्यालय के लिए निकली छात्रा बिना परीक्षा दिए ही प्रेमी संग भाग गई। परीक्षा के समाप्त होने के बाद जब वह घर नहीं पहुंची। तब परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। जब छात्रा का नात रिश्तेदारी में कही सुराग नहीं लगा। तो परिजनों में हड़कंप मच गया। मामला छपिया थाना क्षेत्र के मसकनवा बाजार से जुड़ा हुआ है। बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा का शनिवार को द्वितीय पाली में परीक्षा थी। जहां परीक्षा देने के लिए वह घर से निकली और परीक्षा देकर वापस घर जाने के बजाय रास्ते में उसे उसका प्रेमी मिल गया। वह प्रेमी के साथ फरार हो गई। छपिया पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में पीड़ित पिता ने आरोप लगाते हुए कहा कि उसकी 21 वर्षीय पुत्री मसकनवा कस्बे में स्थित एक महाविद्यालय में बीएससी तृतीय वर्ष की परीक्षा देने के लिए गई थी। परीक्षा देने के बाद वापस घर आ रही थी। रास्ते में गांव का रहने वाला विपक्षी उसमान अली मिल गया। और शादी करने की नीयत से पहले फैसला कर भगा ले गया है। पीड़ित पिता के शिकायती पत्र पर छपिया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। इस संबंध में छपिया थाना प्रभारी सतेंद्र वर्मा ने दूरभाष पर बताया कि घर से परीक्षा देने के लिए निकली छात्रा बिना परीक्षा दिए ही गायब हुई है। पिता के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया गया है।

## अदालती नोटिस

(हेतु सन्दर्शित करने की सूचना साधारण प्रारूप)

न्यायालय—श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय फैजाबाद

स0प्र0 वाद सं. 41 / 2019

राजेश तिवारी

बनाम

तिलकधारी आदि

बनाम—1— तिलकधारी पाण्डेय पुत्र राममूर्ति पाण्डेय 2— अखिलेश पाण्डेय 3— अशोक पाण्डेय पुत्रगण तिलकधारी पाण्डेय निवासीगण ग्राम— मयाभीखी (लछिमनपुर) परगना अमसिन तहसील सदर जनपद— अयोध्या

**तारीख पेशी 16—01—2024**

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अतएवं आपके एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इसे आदेश के खिलाफ हेतु सन्दर्भित करने के लिये 2024 के माह 01 के 16 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा न करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन 23 के माह के दिवस को निकाली गयी।

द0 हाकिम

## अदालती नोटिस

(हेतु सन्दर्शित करने की सूचना साधारण प्रारूप)

न्यायालय—श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) महोदय फैजाबाद

स0प्र0 वाद सं. 16 / 2023

रामचन्दर आदि

बनाम

रिसियावन आदि

बनाम—1— रिसियावन 2— जैसराज 3— गुड्डू पुत्रगण स्वर्गीय मुन्नू 4— सीताशरन पुत्र रामदीन समस्त निवासीगण ग्राम— सोनौरा गाऊपुर परगना पश्चिमराठ तहसील बीकापुर जनपद— अयोध्या

**तारीख पेशी 13—01—2024**

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अतएवं आपके एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इसे आदेश के खिलाफ हेतु सन्दर्भित करने के लिये 2024 के माह 01 के 13 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा न करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन 23 के माह के दिवस को निकाली गयी।

द0 हाकिम

## अदालती नोटिस

न्यायालय— श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय फैजाबाद के द्वारा निकाली गयी उद्घोषणा अर्न्तगत धारा 372 उत्तराधिकार अधि0

M.N.R.N0. 1 / 2024

अदादि सिंह

**बनाम**

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कलेक्टर महोदय फैजाबाद हर खासो आम

मृतक—संजय सिंह पुत्र रणजीत सिंह ग्राम—ईटगांव परगना— खण्डासा तहसील मिल्कीपुर जिला – अयोध्या

मृत्यु दिनांक—23 / 03 / 2018

**पेशी दिनांक— 07—02—2024**

अपने मृतक को देय ऋण औरं प्रतिभूतियों को वसूल करने के लिये उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की अभिप्राप्ति के लिये प्रार्थना—पत्र के अर्न्तगत धारा 372 अधिनियम संख्या 39 सन 1925 ई0।

चूंकि श्री निवासी ग्राम परगना तहसील जिला ने उत्तराधिकार प्रमाण—पत्र की अभिप्राप्ति के लिये आवेदन किया और 2024 के माह 02 के 07 दिवस का आवेदन की सुनवाई के लिये तिथि निश्चित की गयी है।

अतः यह उद्घोषणा निकाली जाती है कि जिस किसी को उपरोक्त आवेदन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो वह स्वयं अथवा अधिवक्ता द्वारा न्यायालय सिविल जज जू0डि0 सदर फैजाबाद के न्यायालय में दिनांक 07—02—2024 को अपरान्ह 10 बजे उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा उक्त तिथि के अवसान पर किसी की कोई आपत्ति नहीं सुनी जायेगी और प्रार्थना पत्र पर यथोचित आदेश पारित कर दिया जायेगा।

आज दिनांक माह सन ई0 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।

द0 हाकिम

## अदालती नोटिस

न्यायालय— श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय फैजाबाद के द्वारा निकाली गयी उद्घोषणा अर्न्तगत धारा 372 उत्तराधिकार अधि0

M.N.R.N0. 142 / 2023

रामजतन

**बनाम**

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कलेक्टर महोदय फैजाबाद हर खासो आम

मृतक—मोहनलाल पुत्र स्वर्गीय जीते निवासी द्वारिका पाण्डेय का पुरवा मौजा गद्दोपुर परगना—हवेली अवध तहसील सदर

जिला – अयोध्या

मृत्यु दिनांक—27 / 10 / 2019

**पेशी दिनांक— 25—01—2024**

अपने मृतक को देय ऋण औरं प्रतिभूतियों को वसूल करने के लिये उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की अभिप्राप्ति के लिये प्रार्थना—पत्र के अर्न्तगत धारा 372 अधिनियम संख्या 39 सन 1925 ई0।

चूंकि श्री निवासी ग्राम परगना तहसील जिला ने उत्तराधिकार प्रमाण—पत्र की अभिप्राप्ति के लिये आवेदन किया और 2024 के माह 01 के 25 दिवस का आवेदन की सुनवाई के लिये तिथि निश्चित की गयी है।

अतः यह उद्घोषणा निकाली जाती है कि जिस किसी को उपरोक्त आवेदन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो वह स्वयं अथवा अधिवक्ता द्वारा न्यायालय सिविल जज जू0डि0 सदर फैजाबाद के न्यायालय में दिनांक 25—01—2024 को अपरान्ह 10 बजे उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा उक्त तिथि के अवसान पर किसी की कोई आपत्ति नहीं सुनी जायेगी और प्रार्थना पत्र पर यथोचित आदेश पारित कर दिया जायेगा।

आज दिनांक माह सन ई0 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।

द0 हाकिम

# 22 जनवरी का अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई भव्य शोभायात्रा



**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**

महराजगंज। अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को आयोजित भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर आज महराजगंज के फरेन्दा विधानसभा क्षेत्र के फरेन्दा कस्बे में एक भव्य कार्यक्रम के बीच श्री राम नूतन विग्रह प्राण प्रतिष्ठा आमंत्रण जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की गई। इस मौके पर पूरे नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें आरएसएस बीजेपी सहित विभिन्न संगठनों व आम नागरिकों ने हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लेकर भगवान राम के जयकारे लगाए और 22 जनवरी को घर—घर दीप जलाने की अपील की।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत सरकार के केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि राम मंदिर को लेकर जो 500 साल पुराना संघर्ष चल रहा था वह 22 जनवरी को पूरा होने वाला है इसको लेकर पूरे भारत में उत्सव का माहौल है और इसी के मध्य नजर महाराजगंज जनपद में भव्य शोभायात्रा निकाला गया है वहीं भाजपा विधायक ऋषि त्रिपाठी ने कहा कि रामलाल के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में खाता उत्साह है और लोग 22 जनवरी को प्रधानमंत्री के अपील की अपने घरों पर पांच दीपक जलाएं और दीपावली जैसा पर्व बनाएं इस तरह का उत्साह है हम लोग भी 22 जनवरी को रामलाल के प्राण प्रतिष्ठा पर दीपावली पर्व मनाएंगे ।

# अवध बिहारी कुंज में हजारों संतों के आवास और प्रसाद का किया गया है व्यवस्था

**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**



अयोध्या। 500 वर्षों का इंतजार खत्म हुआ भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या के लोग खुशियां मना रहे हैं की 22 जनवरी को प्रभु श्री राम अपने भव्य मंदिर में विराजमान होंगे अयोध्या में उनके दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को कैसी सेवा कर दी जाए कि उसे दिन को अपने जीवन कल में भूल न सके। इसी क्रम में रामनगरी के रामानंद नगर (बेगमपुरा) स्थित प्रतिष्ठित पीठ श्री अवध बिहारी कुंज पीठाधीश्वर श्रीमहंत गणेश दास महाराज की तरफ से राजस्थान व अन्य प्रांतों से हजारों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं हेतु आवास— भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई जो 20 जनवरी से अवधबिहारी कुंज मंदिर प्रांगण में प्रारंभ हो जायेगी और अवधबिहारी कुंज पीठ के पूर्व महन्त साकेतवाही श्री रामसुखितदास जी फलाहारी जी महाराज का राजस्थान के शेखावाटी अंचल से बहुत स्नेह रहा है साथ ही राजस्थान में महाराज श्री की शिष्य परम्परा बहुत लम्बी है। इसीलिए माघमेला में शिविर एवं कुम्भ मेला शिविर लगाते हैं उसका नाम भी ष्राजस्थान शेखावाटी खालाला ष रखा है जो कि माघ मेला प्रयागराज में आज भी संचालित होता है और इस वर्ष भी बृहद रूप से लगाया जाएगा।

अवधबिहारी कुंज पीठाधीश्वर श्रीमहंत गणेश दास महाराज ने बताया कि केवल अयोध्या के लोगों को ही नहीं बल्कि विश्व में रहने वाले सनातन हिंदू परंपरा को मानने वाले साधु संत गृहस्थ आनंदित है कि पांच सौ वर्षों के लंबे इंतजार के बाद श्रीरामलला अपने दिव्य, नव्य एवं भव्य भवन में विराजमान होने जा रहे हैं और इस दिन अयोध्या में पूरे भारत से ही नहीं बल्कि विश्व से लोग आना चाहेंगे और आएंगे उनकी सेवा अतिथि देवो भव की भावना से अयोध्या में हो इसी कामना के साथ हम अयोध्यावासी निरंतर कार्य कर रहे हैं।श्रीमहंत ने बताया कि श्रीरामलला सरकार के प्राण—प्रतिष्ठा महोत्सव में विभिन्न प्रांतों से बड़ी संख्या में संत व श्रद्धालुगण अयोध्या आ रहे हैं। इस दौरान अयोध् या में आने वाले संतों श्रद्धालुओं को भोजन, आवास समेत अन्य किसी प्रकार की दिक्कत न हो। इसके लिए श्रीअवध ाबिहारी कुंज मंदिर प्रांगण में देश के विभिन्न प्रांतों से आने वाले संतों—रामभक्तों के लिए भोजन प्रसादी—आवास की व्यवस्था की गई है। मंदिर में वृहद अन्नक्षेत्र चलेगा। जहां संत—रामभक्त रहकर भोजन प्रसाद ग्रहण कर सकेंगे। सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है इस पुनीत कार्य सब लोग बढ़—चढ़कर हिस्सा लें। यही प्रभु श्रीराम की सच्ची सेवा है

# नवागंतुक एसपी ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण

**संवाददाता—श्रावस्ती।** नवागंतुक पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस लाइन का भ्रमण कर सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही मातहतों का जरूरी निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया रविवार सुबह पुलिस लाइन का निरीक्षण करने पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने पुलिस ग्राउंड में पहुंचकर पुलिस परिवार के ताइक्वांडो सीख रहे बच्चों से हाथ मिलाकर उत्साह वर्धन किया। इसके बाद फुटबॉल ग्राउण्ड, बैटमिंटन कोर्ट, जिम, मानीटरिंग सेल, थाना एएचटीयू, अतिथि गृह, साइबर थाना, कम्पोजिट कंट्रोल रूम का भ्रमण किया। कार्यालय के ड्यूटीरत कर्मचारियों से कार्यो की जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने यूपी 112 कार्यालय पहुंचकर ड्यूटी में तैनात आरक्षी रामेन्द्र व महिला आरक्षी प्रियंका रावत से पीआरवी के रिस्पांस टाइम के बारे में जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिया। जिला नियन्त्रक कक्ष (डीसीआर) में ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी से जनपद मुख्यालय से सुदूर नवीन माडर्न थाना श्रावस्ती तथा चौकी जमुनहा, चौकी असनहरिया व चौकी राजपुर मोड़ की संचार व्यवस्था को चेक कराते हुये कर्मचारियों की मौजूदगी जांची।

# जनता की समस्याओं पर तत्काल हो कार्रवाई, मेरे रहते किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होगी –मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



**संवाददाता–गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी दशा में न छोड़े जाएं। उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है। जनता की समस्याओं का निराकरण सरकार की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान दिए। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद गए और एक–एक कर उनकी समस्याओं को सुना। मुख्यमंत्री ने इस दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात की। सबको आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, सबकी समस्या का समाधान हरहाल में किया जाएगा। जनता दर्शन में कई महिलाएं जमीन से जुड़े विवादों में प्रार्थना पत्र लेकर पहुंची थीं। कुछ की समस्या घरेलू जमीन विवाद की थी तो कुछ की शिकायत थी कि दबंग उनकी जमीनों पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। कुछ ने मारपीट के मामले में प्रभावी कार्रवाई की गुहार लगाई। जमीन कब्जा की शिकायतों पर सीएम ने कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जमीन कब्जाने में पेशेवर प्रवृत्ति वालों को भू माफिया के रूप में चिन्हित कर सख्ती की जाए। किसी भी गरीब की जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई करें जो नजीर बने। उन्होंने कहा कि जमीनी विवादों का समाधान तत्परतापूर्वक इस तरह होना चाहिए जिससे पीड़ित व्यक्ति संतुष्ट दिखे। उन्होंने पुलिस से संबंधित अन्य मामलों में भी प्राथमिकी दर्ज कर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया।

जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि पैसे की तंगी से किसी का भी इलाज नहीं रुकने दिया जाएगा। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिया कि संबंधित मरीज के इलाज संबंधी इस्टीमेट की प्रक्रिया को पूर्ण कर इसे जल्द से जल्द शासन को उपलब्ध कराया जाए। इस्टीमेट मिलते ही इलाज के लिए धन अवमुक्त हो जाएगा। जनता दर्शन के दौरान कुछ महिलाओं संग पहुंचे उनके बच्चों को मुख्यमंत्री ने प्यार–दुलार और आशीर्वाद देते हुए चॉकलेट दिया। उन्हें खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान एक बच्चे से उसकी पढ़ाई को लेकर उन्होंने हंसी–ठिठोली भी की।

# हल्की धूप से चढ़ा पारा, शाम को सर्द हुआ मौसम



**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** कोहरा के बीच करीब दो घंटे की हल्की धूप के कारण कुछ राहत मिली। दोपहर में मौसम साफ हुआ तो दिन के तापमान में छह डिग्री सेल्सियस का उछाल आ गया। इससे दोपहर में मौसम से खुशनुमा हो गया तो शाम होते ही फिर सर्द मौसम का असर हुआ। रात के तापमान में कोई बढ़ोत्तरी नहीं हुई थी। इस कारण कोहरा के बीच गलन का भी अहसास हुआ। अधिकतम तापमान 21.5 एवं न्यूनतम तापमान 12.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि एक दिन पहले घना कोहरा होने के कारण अधिकतम तापमान 16.5 डिग्री सेल्सियस एवं न्यूनतम तापमान 12.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। कोहरा के कारण धूप का असर कम हो रहा है, इस कारण पारे में गिरावट हुई। शनिवार सुबह घना कोहरा छाया था और सुबह 11:30 बजे तक लोगों को दूर तक दिखाई नहीं दे रहा था। ऐसी स्थिति में सड़क वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई थी, ट्रेनें भी 3 से 4 घंटे देर से चल रही थी। ट्रेन देर होने के कारण तमाम लोगों की यात्रा का मकसद ही पूरा नहीं हुआ। कोहरा और ठंड के कारण लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। जिन लोगों को बहुत जरूरी काम नहीं था, उन्होंने सुबह यात्रा शुरू नहीं की, जबकि शाम को भी लोग जल्दी घर पहुंचे।

राज्य कृषि मौसम केंद्र के प्रभारी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि कोहरा छाया रहेगा और ठंड बरकरार रहेगी।

# राम मंदिर पहुंचे नृपेंद्र मिश्र, बताया –भूतल का काम हुआ पूरा, इंजीनियरों के साथ करेंगे बैठक



**संवाददाता–अयोध्या।** राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने कहा है कि परकोटा से गर्भगृह तक पहुंचने का मार्ग अगले एक सप्ताह में तैयार हो जाएगा। जो कुछ काम बचेंगे उन्हें रात में किया जाएगा। समिति अध्यक्ष मिश्र रविवार को प्राण प्रतिष्ठा के लिए तैयार हो रहे राम मंदिर परिसर और जन्मभूमि पथ का निरीक्षण करने पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान संवाददाताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को पैदल चलने के दौरान धूप और बारिश में कोई दिक्कत न हो, इसके लिए कैनोपी बनाई गई है। इसका निरीक्षण कर इससे मिलने वाली सुविधा को परखा गया। स्कैनर भी लग गया है। इसके माध्यम से श्रद्धालुओं के सामान की जांच की जाएगी। अंतिम सिक्योरिटी पॉइंट का भी जायजा लिया। यहां से भक्त सीधे परकोटा पर जा सकेंगे। परकोटा से आगे 33 सीढ़ी चढ़कर गज और सिंह द्वार पर पहुंचेंगे। यह बन कर तैयार हो गया है। इसके ऊपर हनुमान जी और गरुड़ जी की आशीर्वाद देती हुई प्रतिमा स्थापित हो गई है।

यहां से श्रद्धालु मंडप से गुजरते हुए भगवान के समझ गुड मंडप में खड़े हो सकेंगे। यहां की तैयारी अंतिम चरण में है। राम मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को हर सुविधा देने की कोशिश की जा रही है। किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो इसका हर कदम पर ध्यान रखा जा रहा है। निरीक्षण के बाद समिति अध्यक्ष ने राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक में भाग लिया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मीडिया कवरेज के लिए रामकथा संग्रहालय अयोध्या में अस्थायी मीडिया सेंटर की स्थापना की जाएगी। यह 20 से 22 जनवरी तक संचालित होगा। मीडिया सेंटरध्प्रेस क्लब को भी अगले सप्ताह शुरू किया जाएगा। रामकथा संग्रहालय के मीडिया सेंटर में इंटरनेट व कंप्यूटर आदि की व्यवस्था होगी। उप निदेशक मुरलीधर सिंह ने बताया कि सुरक्षा समिति व एसपीजी के साथ वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक होने के बाद मीडिया कवरेज संबंधी अन्य बिंदुओं की जानकारी दी जाएगी। मीडिया संबंधी जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 7080510637 पर संपर्क कर सकते हैं।


# महानगर के उत्तरी क्षेत्र की साढ़े तीन लाख की आबादी को जलभराव से मिलेगी मुक्ति –योगी



**संवाददाता–गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक से सवा साल में गोड़धोइया नाले के पुनरुद्धार का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इससे गोरखपुर के उत्तरी क्षेत्र की साढ़े तीन लाख आबादी को जलभराव से मुक्ति मिलेगी, वही 17 से 18 वार्डों के लोग लाभान्वित होंगे। रामगढ़झील में ट्रीटेड वॉटर जाएगा, लोगों को सीवर एवं ड्रेनेज की सुविधा भी मिलेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोड़धोइया नाला पर एसटीपी निर्माण एवं पुनरुद्धार के कार्य का निरीक्षण करने के बाद मीडियाकर्मियों से मुखातिब थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रामगढ़झील पूर्वी उत्तर प्रदेश में पर्यटन का प्रमुख स्थल है। इस झील में जल का प्राकृतिक स्त्रोत के रूप में मुख्य नाला गोड़धोईया नाला है जिसे पुनर्जीवित करने के लिए पुनरुद्धार का कार्य किया जा रहा है। अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत इस मृतप्राय एवं अतिक्रमित हो चुके नाला को पुर्नजीवित करने का प्रयास किया जा रहा है। योजना अंतर्गत नाला के इंटरसेप्शन, डायवर्जन और ट्रीटमेंट का काम किया जाएगा। तकरीबन 10 किलोमीटर के इस नाला के पुनरुद्धार कार्य से रामगढ़झील में प्रदूषित जल नहीं जाएगा। इससे रामगढ़झील के सुंदरीकरण के कार्य को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस नाला के पुनरुद्धार से गोरखपुर के उत्तरी क्षेत्र के 17 से 18 वार्डो में जल निकासी की समस्या का समाधान होगा। साढ़े तीन लाख लोगों को जलभराव से मुक्ति मिलेगी। नाला के साथ सीवर लाइन पड़ेगी, ड्रेनेज के लिए अलग से लाइन डाली जाएगी। सीवर एवं ड्रेनेज के जल के ट्रीटमेंट के लिए प्लांट लगाए जा रहे हैं। इससे झील में ट्रीटेड वॉटर जाएगा। नाला के निर्माण से जहां आवागमन के लिए बेहतरीन वैकल्पिक मार्ग जनमानस को उपलब्ध होगा। नाला को पुनर्वीवित करने के क्रम में चिह्नित किए गए अतिक्रमण हटाए गए हैं, कुछ स्थानों पर हटाने की प्रक्रिया चल रही है युद्ध स्तर पर पुनरुद्धार का काम चल रहा है। उम्मीद करते हैं कि एक–सवा वर्ष में पूरी परियोजना पूरी हो जाएगी।

# भाजपा कराएगी अहसास- मुस्लिमों के भी हैं राम, अल्पसंख्यक मोर्चा ने बनाई रणनीति



**संवाददाता–अयोध्या।** राम नाम जान्यो नहीं, जान्यो सदा उपाधि, कहि रहीम तिहिं आपुनो, जनम गंवायो वादि। अकबर के नवरत्नों में शुमार विख्यात कवि रहीम इस दोहे में कहते हैं कि जिसने राम का नाम धारण न कर अपने धन, पद और उपाधि को ही जाना और राम के नाम पर विवाद खड़े किये उनका जन्म व्यर्थ है। वे केवल वाद–विवाद कर अपना जीवन नष्ट करते हैं। इसी दोहे के सार को मंत्र बनाकर भाजपा 'शुक्रिया मोदी भाई जान अभियान' में जान फूंकेगी। मुस्लिम महिलाओं को लेकर 12 जनवरी से शुरू किए जा रहे इस अभियान के जरिये राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मुस्लिम भागीदारी की रूप रेखा सुनिश्चित करने पर मंथन होगा। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से मुस्लिम महिलाओं के साथ शुक्रिया मोदी भाई जान अभियान 12 जनवरी से शुरू होगा। लखनऊ से शुरू हो रहे इस अभियान का नारा है 'ना दूरी है, ना खाई है, मोदी हमारा भाई है...'। हर जिले में इस अभियान के तहत सभाएं होंगी। अभियान में केंद्र सरकार की उन योजनाओं के बारे में बताया जाएगा, जिनसे मुस्लिमों को खास लाभ हुआ है। इसके अलावा तीन तलाक के मामले पर मुस्लिम महिलाओं को जोड़ा जाएगा और बताया जाएगा कि उसका कितना लाभ उन्हें हुआ। अभियान के जरिये बीजेपी ये जानना चाह रही है कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मुस्लिमों की क्या भागीदारी हो सकती है। सबसे बड़ा मंथन इस पर होगा कि मदरसों को प्राण प्रतिष्ठा समारोह से कैसे जोड़ा जाए। क्या कुछ मदरसों में दीप जलाने जैसा आयोजन किया जा सकता है या फिर मुस्लिम अपने आवास पर दीप जलाएं, ऐसा कुछ किया जा सके। हालांकि मोर्चा ने अक्षत वितरण में खुद को शामिल नहीं किया है पर इसी तरह का कोई कार्यक्रम करने की महिलाओं की तैयारी है।

कुंवर बासित अली, प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने बताया कि मोर्चा 12 जनवरी से शुक्रिया मोदी भाईजान अभियान का आगाज लखनऊ से कर रहा है। जिसमें हम प्रधानमंत्री मोदी द्वारा मुस्लिम हित में लिए गए बड़े फैसलों के बारे में बताएंगे। प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर यदि कोई मुस्लिम सकारात्मक पहल करता है तो इसमें बुराई क्या है। प्रत्येक संभावना पर मंथन होगा।

# मोबाइल फोन पाकर छात्राओं के चेहरे खिले



**संवाददाता–गोरखपुर।** सहजनवा स्थित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय में रविवार को उप्र सरकार प्रवर्तित श्स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजनाश अंतर्गत बीए तृतीय वर्ष उत्तीर्ण 115 छात्र–छात्राओं में चेयरपर्सन संजू सिंह ने स्मार्ट मोबाइल फोन का वितरण किया। फोन पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम में चेयरपर्सन संजू सिंह ने कहा छात्र–छात्राएं मोबाइल फोन का सदुपयोग करते हुए इसे प्रत्येक प्रकार से अपने प्रगति का साधन बनाएं। उनके पठन–पाठन में फोन मदद करेगा, जिससे उनका विकास होगा। प्राचार्य डॉ. कुमुद त्रिपाठी ने छात्र– छात्राओं को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में डॉ. तरन्नुम बानो, डॉ. दीपक सोनी, डॉ. करुणेश त्रिपाठी, डॉ. अंकिता मद्धेशिया, डॉ. रजनी गुप्ता, ममता गौतम, मनीषा, अमित गोयल, पवन कुमार,अनूप कुमार, साक्षी पाण्डेय, रितिका सिंह अन्य मौजूद रहें।

## विष्णु भगवान की मूर्ति तोड़ी, जांच में जुटी पुलिस

**संवाददाता–गोरखपुर।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के बरगदही में पुराने शिव मंदिर परिसर में विष्णु भगवान की मूर्ति तोड़ने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों की इसकी सूचना पर पुलिस मौके पर जाकर जांच पड़ताल कर रही है। बरगदही निवासी कामेश्वर सिंह ने बताया कि पुराने शिव मन्दिर परिसर में विष्णु भगवान की मूर्ति स्थापित करायी गयी थी। उन्होंने बताया कि शनिवार की सुबह कुछ लोग मंदिर जाकर पूजा अर्चना किया। लगभग नौ बजे पता चला कि विष्णु भगवान की मूर्ति तोड़ कर खंडित कर दी गयी। इसकी सूचना चौकी पुलिस को दी गयी। चौकी प्रभारी दिनेश कुमार पांडेय मौके पर जाकर लोगों से पूछताछ करते हुए मामले की जांच पड़ताल कर रही है। बताया जा रहा है कि लगभग एक माह पहले परिसर में शनिदेव की मूर्ति तोड़ कर खंडित किया गया था। उसे मामले की जांच अभी चली रही है तब तक विष्णु भगवान की मूर्ति तोड़कर खंडित कर दी गई है। इससे ग्रामीणों में असंतोष व्याप्त है।

# विरासत गलियारा में व्यापारी हितों का संरक्षण होगा –योगी



**संवाददाता–गोरखपुर।** विरासत गलियारा के दायरे में आने वाले व्यापारियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आश्वस्त किया है कि व्यापारियों के हितों का संरक्षण किया जाएगा। किसी को भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है, दुकानों का सिर्फ चबूतरा लिया जाएगा ताकि पैदल चलने के लिए पाथवेज का निर्माण किया जा सके। कार्यदायी संस्थाओं से विरासत गलियारा में आने वाली सड़कों का पुनरू सर्वेक्षण कराया जाएगा।

यह आश्वासन, रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चेंबर आफ कामर्स के अध्यक्ष संजय सिंघानिया के नेतृत्व में पहुंचे व्यापारियों को दिया। उन्होंने कहा कि विरासत गलिया में आने वाली सड़कों का सिर्फ चबूतरा लिया जाएगा ताकि पाथवेज निर्मित किए जाए। बिजली के जर्जर पोल एवं तार हटाए जाऐंगे। बिजली के तारों को भूमिगत किया जाएगा। सड़क के दोनों ओर जलनिकासी के लिए नालियों का निर्माण कर चेम्बर बनेंगे ताकि सफाई में कोई दिक्कत न हो। समझाया कि यह सब इसलिए किया रहा ताकि जाम न हो। व्यापार सुचारू रूप से हो सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के बाद व्यापारियों में प्रसन्नता थी। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में सरदार कमलजीत सिंह, पवन गुप्ता, अशोक गुप्ता, अशोक कुमार, अभय निषाद, अरुण शुक्ला, सतीश गुप्ता, नौमी लाल के साथ अन्य मौजूद रहे। चेंबर के अध्यक्ष संजय सिंघानिया ने बताया कि रविवार की सुबह ही मुलाकात के लिए पहुंचे थे लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें पुनरू दोपहर तीन बजे आने के लिए निर्देशित किया था। जब वे दोबारा मुलाकात के लिए पहुंचे तो काफी अच्छे माहौल में मुलाकात हुई। उन्होंने सभी की बाते सुनी और आश्वस्त किया कि किसी का नुकसान नहीं होने देंगे।

## दिग्विजय नाथ पार्क में डॉग शो 13 को, आज से मिलेंगे फार्म

**संवाददाता–गोरखपुर।** गोरखपुर महोत्सव के तहत दिग्विजय नाथ पार्क में डॉग शो 13 जनवरी को आयोजित किया गया है। शो में शामिल होने के लिए सोमवार से विभिन्न स्थानों पर आवेदन फार्म प्राप्त कर सकते हैं।

उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय श्रीवास्तव ने बताया कि 13 जनवरी को दिग्विजयनाथ पार्क में डॉग शो का आयोजन किया गया है। डॉग शो में शामिल होने के लिए सदर अस्पताल, चरगांवा, खोराबार, पाली क्लिनिक, गोरखनाथ पशु अस्पताल से प्राप्त किया जा सकता है। डॉग शो में शामिल होने के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 जनवरी है। पंजीकरण शुल्क पांच सौ रुपये निर्धारित है। उन्होंने बताया कि डॉग शो में शामिल होने वालों को ब्रीड वाइज पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रत्येक ब्रीड के तीन लोगों को पुरस्कृत किया जाएगा। डॉग शो में बेस्ट ऑफ द शो, बेस्ट बेबी हैंडलर, बेस्ट लेडी हैंडलर के तीन–तीन पुरस्कार दिए जाएंगे।

# लखनऊ सहित कई जिलों से अयोध्या भेजे गए डॉक्टर–फार्मासिस्ट, एक महीने छुट्टी कैंसिल

**संवाददाता–अयोध्या।** अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देखते हुए प्रदेश के कई जिलों से डॉक्टरों, फार्मासिस्टों और वार्ड ब्वॉय की ड्यूटी लगाई गई। चिकित्सा स्वास्थ्य महानिदेशालय में निदेशक प्रशासन आर. राजा गणपति ने इसका आदेश जारी कर दिया है। विभिन्न जिलों से 104 डॉक्टर, 75 फार्मासिस्ट और 65 वार्ड ब्वॉय को 15 जनवरी से 15 फरवरी तक के लिए अयोध्या भेजा गया है। अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के चलते प्रदेश में चिकित्सा कर्मियों के अवकाश पर एक माह तक रोक रहेगी। यह रोक 15 जनवरी से लेकर 15 फरवरी के बीच होगी। प्रदेशभर के अस्पतालों के लिए भी अलर्ट जारी कर दिया गया है। रामनगरी में नवनिर्मित भगवान श्रीराम के भव्य, दिव्य जन्मभूमि में 22 जनवरी को रामलला का प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित सैकड़ों वीआईपी और लाखों श्रद्धालु पहुंचेंगे। प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामजन्मभूमि का दर्शन करने के लिए हर रोज लाखों श्रद्धालुओं का आवागमन होगा। रामनगरी में आने वाले श्रद्धालुओं को इंटरनेट, ब्रॉड बैंड और लैंड लाइन की निर्बाद्ध सुविधा के लिए बीएसएनएल टू–जी और थ्री–जी के10 नए बीटीसी स्थापित कर रहा है। श्रीराम जन्मभूमि, महर्षिक वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट अयोध्या, विश्व हिन्दू परिषद की मणिपर्वत के पास टेंट सिटी है एक वहां लगा है और एक बीभ्सी आशापुर में लगाया गया है। भारत संचार निगम लि. (बीएसएनसल) अयोध्या के महाप्रबंधक ज्ञानेन्द्र कुमार द्विवेदी ने यह जानकारी दी। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान अयोध्या और आसपास के इलाके को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया जाएगा। इस दौरान 'एंटी ड्रोन सिस्टम' की व्यवस्था रहेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में एंटी ड्रोन सिस्टम की खरीद के लिए कई दौर की बैठकें हो चुकी हैं। यूपी देश का पहला राज्य होगा जो इसे खरीदेगा। दरअसल, वर्ष 2019 में हुए कुंभ के दौरान पाया गया कि कुछ इंस्ट्राग्राम यूजर व यूट्यूबर अपनी रील और छोटी वीडियो आदि बनाने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल कर रहे थे।

**अदालती नोटिस**

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय–श्रीमान द्वादश अति0 सिविल जज (जू0डि0) बस्ती जिला–बस्ती
प्रकीर्णवाद सं0 415/2022
तेजबहादुर सिंह
बनाम
श्रीमती फूलमती
1. श्रीमती फूलमती (मृतक) 2. राम नरायन नामालूम 3. अशोक कुमार 4. अमित कुमार पुत्रगण फूलमती साकिनान मौजा बडौगी तप्पा छपिया परगना रसूलपुर तहसील भानुपर जिला बस्ती

**तारीख पेशी 22–01–2024**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 22 माह 01 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

# सीएम आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 116 मरीजों को मिला इलाज



**संवाददाता–गोरखपुर।** पाली क्षेत्र के पीएचसी रिठुआखोर व डुमरी निवास में रविवार को आयोजित सीएम आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 116 मरीजों को इलाज मिला। सीएचसी अधीक्षक डॉ. सतीश सिंह ने बताया स्वास्थ्य मेले में पीएचसी डुमरी निवास में 59 व रिठुआखोर में 57 मरीजों ने स्वास्थ्य की जांच करवाकर दवा ली। मेले में डॉ. कुनाल सहाय श्रीवास्तव, डॉ. प्रमोद, चन्द्रसेन पाठक, सिप्पू सिंह, मीना सिंह, किरण, बबिता देवी, शकुन्तला समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

## ब्लाक प्रमुख ने ग्रामीणों को नमो एप डाउनलोड कराया

**संवाददाता–गोरखपुर।** ब्लॉक प्रमुख शशि प्रताप ने रविवार को जाल्हेपार, तिलौरा, बड़गो में आयोजित कार्यक्रम में गांव के लोगों को नमो ऐप डाउनलोड कराया। उससे संबंधित जानकारी दी उन्होंने बताया कि नमो ऐप प्रधानमंत्री का ऑफिशियल ऐप है।

इससे देशभर में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी मिलती है। कार्यक्रम में कुल 150 लोगों को नमो ऐप डाउनलोड कराया गया। इस दौरान प्रधान राम सिंह, प्रधान प्रतिनिधि विवेक सिंह, विजेंद्र प्रताप सिंह, कुनाल, कवि सिंह, शिवम सिंह, नीरज यादव, भीम दुबे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# इस साल आयोजित होंगी चार राष्ट्रीय लोक अदालत

**संवाददाता–संतकबीरनगर।** संतकबीरनगर जिले में वर्ष 2024 में चार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला जज अनिल कुमार वर्मा प्रथम ने बताया कि यह आदेश राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव संतोष स्नेही मान ने जारी किया है। जिला जज ने बताया कि पहली राष्ट्रीय लोक अदालत आगामी 9 मार्च दिन शनिवार को लगाई जाएगी। राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला जज अनिल कुमार वर्मा प्रथम ने बताया कि पहली राष्ट्रीय लोक अदालत आगामी 9 मार्च दिन शनिवार को आयोजित होगी। दूसरी लोक अदालत दिनांक 11 मई को लगाई जाएगी। इसके अलावा तीसरी लोक अदालत दिनांक 14 सितम्बर को लगेगी। जबकि चौथी और अंतिम लोक अदालत वर्ष के अंत में दिनांक 14 दिसम्बर को आयोजित होगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जिला जज महेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री–लिटिगेशन एवं लम्बित प्रकरण का निस्तारण कराया जा सकता है। प्री–लिटिगेशन तथा लम्बित प्रकरण में सभी प्रकार के सिविल वाद तथा शमनीय आपराधिक मामलों का निस्तारण कराया जा सकता है। राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक मामले, परक्राम्य लिखित की धारा 138, धन वसूली संबंधी विवाद, मोटर दुर्घटना क्लेम के मामले, लेबर विवाद, शमनीय बिजली व जलकर संबंधी विवाद, संबंध विच्छेद मामले को छोड़कर सभी वैवाहिक मामले, भूमि अधिग्रहण, नौकरी एवं पेंशन संबंधी मामले, राजस्व संबंधी, उपभोक्ता मामले, किराएदारी, सुखाधिकार, निषेधाज्ञा वाद, विशिष्ट अनुतोष अधिनियम के सिविल मामलों का सुलह–समझौते के आधार पर निस्तारण कराया जा सकता है

**दैनिक भारतीय बस्ती**

**स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस वि0. नया हाल 1–4 A लोहिया काम्पलेक्स जिला पंचायत भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।**
**सम्पादक दिनेश चन्द्र पाण्डेय**

प्रबन्ध सम्पादक–**दिनेश सिंह**
संयुक्त सम्पादक–**प्रदीप चन्द्र पाण्डेय**
**अयोध्या–फैजाबाद कार्यालय–**
चतुर्भुजी मंदिर परिसर लक्ष्मण घाट अयोध्या–फैजाबाद
**लखनऊ कार्यालय–**
आशियाना चौराहा, एल.डी.ए. कालोनी, सेक्टर एच. कानपुर रोड लखनऊ।
**गोरखपुर कार्यालय–**
इलाहीबाग गोरखपुर।
मो09450567450 9336715406,
ई.मेल bhartiyabasti@yahoo.com
bhartiyabasti@gmail.com